वर्ष : 17 अंक: 64 आगरा • बुधवार 18 जून 2025 • पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री


# ट्रम्प बोले- ईरान के आसमान पर हमारा कब्जा-जानते हैं सुप्रीम लीडर कहां छिपा

## लेकिन अभी खत्म नहीं करेंगे; बिना शर्त सरेंडर की मांग की

**तेहरान/तेल (ए.)।**

अवीव इजराइल और ईरान के बीच 5वें दिन भी संघर्ष जारी है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के आसमान पर हमारा कब्जा है। उनके इस दावे से आशंका बढ़ गई है कि क्या अमेरिका ईरान के खिलाफ इजराइली हमलों में शामिल हो गया है। ट्रम्प ने मंगलवार रात अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर 3 पोस्ट किए। इसमें उन्होंने लिखा, अब ईरान के आसमान पर हमारा पूरा कंट्रोल है। हम अच्छे से जानते हैं कि सुप्रीम लीडर कहां छिपा है। उस तक पहुंचना बहुत आसान है, लेकिन हम उसे मारेंगे नहीं। कम से कम अभी तो नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने तीसरे और अंतिम पोस्ट में लिखा- अनकंडीशनल सरेंडर (बिना शर्त सरेंडर)। उनके इस पोस्ट से कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्होंने ईरान से इजराइल के खिलाफ युद्ध में हथियार डालने की मांग की है।

ईरान का इजराइली मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला ईरान ने मंगलवार को तेल अवीव में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर पर हवाई हमला किया। इसके अलावा मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़ी खुफिया एजेंसी रूह्व की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया है।



वहीं, इजराइली हवाई हमले में ईरान के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल अली शादमानी की मौत हो गई है। शादमानी ईरान की खतम-अल-अनबिया हेडक्वार्टर्स यानी सैन्य आपात कमान के हेड थे। उन्होंने 4 दिन पहले ही यह पद संभाला था। अली शादमानी ने मेजर जनरल गुलाम अली राशिद की जगह ली थी। इजराइल ने 13 जून को हमले में उनकी हत्या कर दी थी। खतम अल-अनबिया हेडक्वार्टर्स ईरान की मुख्य सैन्य कमांड यूनिट है। यह युद्ध के वक्त पूरे देश की सैन्य रणनीति और एयर डिफेंस को देखती है। पिछले 5 दिनों के दौरान इजराइली हमलों में अब तक 224 ईरानी मारे जा चुके है, जबकि 1,481 लोग घायल हुए हैं। वहीं, इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।


### इजराइली सेना बोली- एक-दो हफ्ते में मकसद हासिल कर लेंगे

इजराइल डिफेंस सिस्टम (IDF) के अधिकारियों ने कहा है कि वह एक या दो हफ्ते के भीतर ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम के खिलाफ अपना मकसद हासिल कर लेगी। बता दें कि इजराइल ने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम और बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं से होने खतरे से खुद को दूर करने के लिए 13 जून से उसके खिलाफ मिलिट्री ऑपरेशन शुरू किया है।

# एक दिन में एअर इंडिया की 7 इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल: अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट

## DGCA ने एयरलाइन से कहा- सुरक्षा और ऑपरेशन पर फोकस करो

**कोलकाता (ए.)।**



एअर इंडिया की 7 इंटरनेशनल फ्लाइट मंगलवार को रद्द कर दी गईं। इनमें अहमदाबाद-लंदन, दिल्ली-पेरिस, दिल्ली-वियना, लंदन-अमृतसर, दिल्ली-दुबई, बेंगलुरु-लंदन फ्लाइट शामिल हैं। इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही फ्लाइट के पैसेंजर्स को कोलकाता एयरपोर्ट पर उतारा गया।

अहमदाबाद में 12 जून को AI-171 फ्लाइट क्रैश हुई थी। इसकी जगह अहमदाबाद से लंदन के लिए नई फ्लाइट ढ्ढ-159 शुरू की गई है। यह फ्लाइट मंगलवार को लगातार दूसरी बार रद्द की गई। फ्लाइट को दोपहर 1.10 बजे उड़ान भरना था, लेकिन टेकऑफ से कुछ घंटे पहले तकनीकी खामी की बात कही गई। 16 जून को भी यह फ्लाइट रद्द की गई थी। दिल्ली से पेरिस जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट ढ्ढ142 भी टेक्निकल परेशानी के बाद रद्द की गई, जो उड़ान से पहले जांच के दौरान सामने आई। इसके अलावा लंदन से अमृतसर आ रही फ्लाइट को भी तकनीकी दिक्कतों के चलते रद्द किया गया।

उधर, सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट ढ्ढ-180 में सोमवार रात को तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते यात्रियों को मंगलवार सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर प्लेन से उतारना पड़ा। मंगलवार को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) की एअर इंडिया के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें DGCA ने एयरलाइन को विमान सुरक्षा पर ध्यान देने, फ्लाइट ऑपरेशन को सख्त करने और समय पर फ्लाइट डिपार्चर ये तय करने के निर्देश दिए हैं।

### ओडिशा के गोपालपुर बीच पर छात्रा से गैंगरेप

**भुवनेश्वर** ओडिशा के गंजाम जिले के गोपालपुर बीच पर एक कॉलेज छात्रा के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई है। रविवार शाम छात्रा अपने पुरुष मित्र के साथ बीच पर घूमने गई थी, जहां करीब 10 अज्ञात युवकों ने उन पर हमला किया और छात्रा के साथ गैंगरेप किया। वहीं, छात्रा के दोस्त को साइड में ले जाकर बांध दिया और दोस्त के साथ उसकी फोटो को इंटरनेट पर डालने की धमकी दी। सोमवार को पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 70 के तहत गैंगरेप का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने अब तक 8 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। बाकी आरोपियों की तलाश के लिए विशेष जांच दल (SIT) गठित किया गया है।

# लंदन से अमृतसर आने वाली फ्लाइट रद्दः विमान की उपलब्धता न होने को लेकर फैसला

**अमृतसर (ए.)।**





अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया क्रैश और उसके बाद लागू की गई सुरक्षा जांचों का प्रभाव अमृतसर एयरपोर्ट पर भी देखने को मिल रहा है। कल, बुधवार को लंदन से अमृतसर आने वाली फ्लाइट को रद्द कर दिया गया है। जबकि, बीते दिन सोमवार को अमृतसर से बर्मिंघम जाने वाली फ्लाइट भी कैंसिल कर दी गई थी।

जानकारी के अनुसार लंदन से अमृतसर की फ्लाइट AI?170 भी रद्द कर दी गई है। यह फ्लाइट 18 जून सुबह 10-30 बजे लैंड करने वाली थी। लेकिन विमान की उपलब्धता न होने के चलते इसे रद्द करना पड़ा है। जानकारी के अनुसार एयर इंडिया की फ्लाइट्स की चल रही जांच के चलते ढ्ढ170 उपलब्ध नहीं हो पाया।

वहीं, बीते दिन AI117 फ्लाइट, जो अमृतसर से बर्मिंघम के लिए रवाना होनी थी, जांच के चलते रद्द कर दी गई थी। 12 जून को अहमदाबाद में हुए दुर्घटनाग्रस्त लंदन-गेटविक जाने वाली एआई 171 (बोइंग 787-8) क्रैश के बाद एयर इंडिया ने उसी मॉडल की जांच तेज कर दी। विमान संख्या बदल (AI?159/160) और अतिरिक्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए गए ।

# सामाजिक विकास के लिए मिलकर करें काम : मुख्यमंत्री

### मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग ने चार एनजीओ के साथ किये एमओयू

### प्रदेश के समावेशी और सतत् विकास को मिलेगा बल

**भोपाल ब्यूरो।**





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में मंगलवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग और चार प्रतिष्ठित गैर शासकीय संगठनों अंतरा फाउंडेशन, प्रदान, पीएचआईए फाउंडेशन और यूएनविमेन के मध्य समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। इन एमओयू से प्रदेश के सुनियोजित, समावेशी, सकल और सतत् विकास को बल मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश का सामाजिक परिदृश्य बदल रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर सभी अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। सामाजिक विकास के सभी मानकों में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी और सबको विकास का लाभ देने के लिए सरकार गैर शासकीय संगठनों के अनुभवों का भी लाभ उठायेगी। उन्होंने कहा कि म.प्र. राज्य नीति आयोग प्रदेश में संचालित सभी जनहितैषी योजनाओं के लोकव्यापीकरण के जरिए मानवीय और सामाजिक विकास के सभी मानकों में सुधार और बढ़ोतरी के लिए ऐसे एनजीओ के साथ मिलकर काम करे, जिन्हें विषयगत विशेषज्ञता हासिल हो। उन्होंने कहा कि फील्ड में रह कर काम करने वाले एनजीओ से मिले सुझावों पर भी गंभीरता से अमल का प्रयास किया जाये। नीति आयोग, जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन आपसी समन्वय और सामंजस्य से जनता के हित में काम करें।

उल्लेखनीय है कि म.प्र. राज्य नीति आयोग राज्य के सतत् विकास लक्ष्यों के अनुश्रवण और मध्यप्रदेश के दृष्टि पत्र-2047 की तैयारी में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इन साझेदारियों के माध्यम से राज्य में नीति नवाचार, डाटा आधारित सुशासन तथा बहु-क्षेत्रीय विकास को और अधिक सशक्तता एवं व्यापकता के साथ अमल में लाया जायेगा।

### सोनम ने इशारा किया, विशाल ने राजा को मार डाला

**इंदौर**/शिलॉन्ग शिलॉन्ग पुलिस मंगलवार सुबह राजा रघुवंशी मर्डर केस के आरोपियों को लेकर सोहरा पहुंची। सोहरा के वेई सावडोंग फॉल्स पर क्राइम सीन रीक्रिएट किया। पूर्वी खासी हिल्स एसपी विवेक स्येम ने बताया, हमें पता चला है कि राजा को धारदार हथियार से मारा गया था। सोनम ने राजा पर हमला करने का इशारा किया था। इशारा मिलते ही विशाल उर्फ ??विक्की ने दोनों हाथों से वार कर दिया। राजा के सिर से खून बहने लगा। घटना के वक्त सोनम कहां थी? मीडिया के इस सवाल के जवाब में एसपी ने बताया- घटना के वक्त सोनम सामने थी, राजा उसके पीछे था। विशाल राजा की दाईं तरफ था और आकाश उसके पीछे बायीं तरफ था।

# इंदौर में कोरोना से 2 मरीजों की मौत

### नए वैरिएंट से अब तक 109 की जान गई; 6 दिन में एक्टिव केस घटकर 6836 हुए

**नई दिल्ली (ए.)।**





देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, नए वैरिएंट से अब तक 109 मौतें हुई हैं। केरल में सबसे ज्यादा 35 लोगों ने जान गंवाई है। महाराष्ट्र में 29 की मौत हुई है। इंदौर में सोमवार को इलाज के दौरान 2 कोविड मरीजों की मौत हो हुई। दोनों मरीज खरगोन और रतलाम जिले के थे। इंदौर में 71 एक्टिव केस हैं। बीते 24 घंटे में 2 नए मामले आए हैं। जून में अब तक 106 केस दर्ज हुए हैं। देशभर में एक्टिव केसों की संख्या घटकर 6836 पहुंच गई है। 6 दिन में एक्टिव केस 285 कम हुए हैं। बीते 24 घंटे में कोई नया केस नहीं मिला, जबकि 428 मरीज रिकवर हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1659 एक्टिव केस हैं।

## कमल हासन फिल्म विवाद, SC की कर्नाटक सरकार को फटकार

# :कहा- बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते; एक्टर पर कन्नड़ के अपमान का आरोप

**नई दिल्ली (ए.)।**





सुप्रीम कोर्ट ने एक्टर कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ की कर्नाटक में रिलीज न होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि किसी को भी लोगों के सिर पर बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोका जा सकता। जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कर्नाटक सरकार से कहा कि जब किसी फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल चुका है तो उसे देश के हर राज्य में दिखाया जाना चाहिए। कोर्ट ने राज्य सरकार को एक दिन का समय दिया है कि वह फिल्म की रिलीज पर स्थिति साफ करे। दरअसल, कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (KFCC) ने मांग की थी कि जब तक हासन माफी नहीं मांगते, फिल्म रिलीज नहीं होगी। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है और मामला हाईकोर्ट की अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। अगली सुनवाई 19 जून को होगी।

कमल हासन ने 24 मई को चेन्नई में ठग लाइफ के ऑडियो लॉन्च इवेंट के दौरान कन्नड़ को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से जन्मी है। इसके बाद एक्टर और उनकी फिल्म का कर्नाटक में लगातार विरोध हो रहा है।

# ट्रम्प G7 समिट छोड़कर अमेरिका रवानाः कहा- मैं सीजफायर के लिए नहीं लौट रहा, बात उससे कहीं बड़ी; G7 देशों का इजराइल को समर्थन

**अल्बर्टा (ए.)।**





कनाडा के अल्बर्टा राज्य के कैननास्किस में चल रही G7 समिट में इजराइल-ईरान तनाव का असर दिख रहा है। समिट के पहले दिन त्77 देशों ने इजराइल का समर्थन किया। मंगलवार सुबह साझा बयान में कहा गया कि इजराइल को अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार है। ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समिट को बीच में छोड़कर अमेरिका रवाना हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते ट्रम्प ने यह फैसला लिया है। इस बीच ट्रम्प ने कहा, मैं सीजफायर के लिए वॉशिंगटन नहीं लौट रहा हूं। बात उससे कहीं बड़ी है। इससे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा- ईरान को परमाणु %समझौते% पर हस्ताक्षर करने चाहिए। ईरान न्यूक्लियर हथियार नहीं रख सकता है। मैंने यह बार-बार कहा है! सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए। इजराइल-ईरान विवाद- जी7 समिट में इजराइल-ईरान संघर्ष रोकने को लेकर एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा था। कनाडाई न्यूज वेबसाइट का दावा है कि ट्रम्प इस प्रस्ताव पर साइन नहीं करेंगे। उधर, ट्रम्प ने समिट शुरू होने से पहले कहा कि ईरान यह जंग हार रहा है। उन्होंने बात करने में देर कर दी।

## चोरी का मास्टरमाइंड दबोचाः फौजी के सूने घर को बनाया था निशाना, 6.5 लाख बरामद

### हरीपर्वत पुलिस की मुस्तैदी से तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार, डीसीपी ने टीम को दिया इनाम



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** सर्विलांस टीम व थाना हरीपर्वत पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही बंद मकान का ताला तोड़कर पीली/सफेद धातु के आभूषण व रुपए चोरी करने की घटना में संलिप्त अभियुक्त को किया गिरफ्तार कब्जे से ?6,50,000 (चोरी के आभूषणों को बेचने से प्राप्त रुपये) हुए बरामद। 12 अप्रैल 2025 को एक व्यक्ति द्वारा थाना जगदीशपुरा पर तहरीर दी गई कि 11 अप्रैल 2025 को पीड़ित अपने पूरे परिवार के साथ अपने गांव गया हुआ था, 11/12 अप्रैल 2025 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उसके मकान के मैन गेट व अन्दर के गेट का ताला तोड़कर घर में रखी हुई अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेबरात व नगदी चोरी कर ले गये है। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जगदीशपुरा पुलिस ने धारा 305(9) 331(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया था।डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि उक्त चोरी की घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को थाना जगदीशपुरा पुलिस टीम द्वारा 24 अप्रैल.2025 को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष अग्रिम विवेचना थाना हरीपर्वत पुलिस टीम को दी गयी। उक्त चोरी घटना में संलिप्त शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु थाना हरीपर्वत पर भी पुलिस टीम का गठन किया गया, 17 जून को गठित पुलिस टीम व सर्विलांस की टीम ने संयुक्त रूप से मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त भूपेन्द्र पुत्र चन्द्रभान निवासी गांव नगला भिक्की थाना शमशाबाद को सेक्टर 6 ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 6,50,000/ (चोरी के आभूषणों को बेचने से प्राप्त), एक पीली धातु की बटन व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।

**साथियों की जमानत कराने आया था अभियुक्त**

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रुपया के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि अभियुक्त ने अपने साथी विकास पुत्र बौबी निवासी किराये का मकान रामनगर की पुलिया थाना शाहगंज, आगरा व जीतू पुत्र रामबीर निवासी भगवती बिहार बोदला, बिचपुरी रोड, थाना जगदीशपुरा, आगरा के साथ मिलकर करीब 2 महीने पहले सहदेव नगर दहतोरा मोड़ बोदला में एक बन्द मकान में चोरी की थी। उस मकान से तीनों अभियुक्तों ने सोने की एक कंधनी, एक हार, एक चेन, 4 अंगूठी, 2 जोडी कानों के टोप्स व चाँदी की एक कंधनी, एक पायल, एक हथफूल एक चेन व 35 हजार रूपया नगद चोरी किये थे थे। रूपयों को तीनों अभियुक्तों ने आपस में बराबर बांट लिया था तथा सोने व चांदी के जेबरात को अभियुक्त ने अपने पास रख लिया था। दिनांक 24.04.2025 को थाना जगदीशपुरा पुलिस ने अभियुक्त के साथी विकास व जीतू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जब अभियुक्त को अपने दोनों साथियों के जेल जाने के बारे में जानकारी हुई तो अभियुक्त सोने व चांदी के जेवरातों को लेकर यहाँ से चला गया था । अभियुक्त विकास व जीतू तभी से जेल में बन्द हैं तथा उनके पास जमानत कराने के लिए पैसे नहीं है। अभियुक्त ने अपने साथियों की जमानत कराने के लिए वकील से फोन पर बात की। अभियुक्त अपने साथियों की जमानत कराने के लिए ही वापस आया और वकील की फीस का इंतजाम करने के लिए अभियुक्त ने किनारी बजार में एक आदमी को चोरी किये गये सारे जेबरात को ?6,50,000/ बेच दिया। बरामद रुपये बेचे गये चोरी के जेवरात से प्राप्त रूपये ही है। डीसीपी सिटी सोनम ने बताया की पकड़े गए अभियुक्त भूपेन्द्र पुत्र चन्द्रभान पर पहले से गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य 21 अपराधिक मामले दर्ज है।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को दस हजार का पुरस्कार देने की घोषणा**

डीसीपी सिटी सोनम कुमार द्वारा पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु दस हजार का पुरस्कार देने की घोषणी की गयी है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी हरीपर्वत प्रदीप कुमार त्रिपाठी,सर्विलांस टीम के प्रभारी जैकब फर्नाडीज सर्विलांस टीम नगर जोन, के प्रभारी उप निरीक्षक अंकुर मलिक उप निरीक्षक प्रशांत सिंह,उप निरीक्षक अजीत सिंह,हे0का0 हाकिम सिंह, का0 नितिन बालियान का0 कुलकित हे0का0 अरुण कुमार, का0 आशीष शर्मा, का0 अभिषेक यादव, का0 शुभम सारस्वत व का0 कुलदीप शर्मा सर्विलांस टीम नगर जोन-एएसआई क0ऑ0 आशीष शाक्य, हे0का0 रूस्तम सागर, का0 प्रिंस कौशिक, का0 मंगल सिंह, का0 शुभम चौधरी व का0 अचिन नैन आदि शामिल रहे।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज मंगलवार को मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। अवगत कराया गया कि मण्डल के चारों जनपदों में प्रत्येक माह जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक करायी जा रही है। परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा हेलमेट, सीटबेल्ट, मोबाइल फोन/ईयर फोन का प्रयोग, गलत दिशा में वाहन चलाना, नशे की हालात में वाहन चलाना, ओवर स्पीडिंग, स्टंटिंग के विरूद्ध की गयी प्रवर्तन कार्यवाही की तुलनात्मक समीक्षा की गयी। टोल प्लाजा से होकर गुजरने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर अवगत कराया गया कि अप्रैल - मई माह में मण्डल में 1356 ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही कर लगभग 4 करोड़ प्रमशन शुल्क वसूला गया है। टूण्डला टोल प्लाजा और गुराउ टोल प्लाजा (सिरसागंज) से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों का डाटा नहीं मिल रहा है। आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि परिवहन विभाग अपनी एक टीम इन टोल प्लाजा पर तैनात कर फोटो सहित डाटा एकत्रित करने के साथ कार्यवाही भी सुनिश्चित करे। आगरा सम्भाग के चारों जनपदों में जिलाधिकारी के माध्यम से डम्पिंग यार्ड की जमीन उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। विभिन्न अपराधों में निलम्बन किए गये लाइसेंस प्रकरणों के बारे में अवगत कराया कि विगत दो माह में परिवहन विभाग द्वारा आगरा में 45, फिरोजाबाद में 20, मैनपुरी में 18 और मथुरा में 63 लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की गयी है। वहीं आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि गलत तरीके से सड़क दुर्घटना करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु अपराधों की श्रेणी, अस्थायी एवं स्थायी रूप से लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही का एक मानक तैयार किया जाए और पूरे मण्डल में उसे लागू किया जाए। स्कूल बस के विरुद्ध कार्रवाई की समीक्षा की गयी। विगत दो माह में यातायात पुलिस द्वारा आगरा जनपद में 44 स्कूल बसों के खिलाफ कार्यवाही की गयी जबकि प्राइवेट वाहनों को स्कूली वाहनों के रूप में इस्तेमाल करने पर 134 वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गयी। महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि चारों जनपदों में सभी स्कूल बसों के फिटनेस की जांच की जाए। नोटिस देने के बावजूद जिन बसों की फिटनेस सही न हो उनके खिलाफ कार्यवाही करें। मण्डल के सभी टोल प्लाजाओं पर मानक के अनुसार एंबुलेंस मय प्रशिक्षित स्टॉफ और क्रेन उपलब्ध रहे। जनपदीय आकस्मिक मेडिकल एक्शन प्लान के तहत चारों जनपदों के अस्पतालों में तैयारी, बेड, मानव संशाधन और उपकरण की पर्याप्त उपलब्धता रहे तथा समय-समय पर मॉनीटरिंग की जाए। जहां भी बड़ी दुर्घटना होती है, समिति के माध्यम से उस दुर्घटना की जांच की जाए। गुड सेमेरिटन योजना में गोल्डन ऑवर में घायलों की मदद करने पर आगरा में दो लोगों को 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा चुकी है। निर्देश दिए गये कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार किया जाए ताकि लोगों में जागरूकता आए और सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद को हमेशा तत्पर रहें। वहीं हिट एंड रन दुर्घटना केस को लेकर आयुक्त महोदय ने इसका डाटा तैयार करने के निर्देश दिए और कहा कि इसमें मृतकों व घायलों मिलने वाले मुआवजा योजना के प्रति लोगों को जानकारी का अभाव है। इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। सभी सरकारी अस्पतालों एवं पोस्टमार्टम हाउस के पास इस योजना से संबंधित बैनर लगवाये जाएं। मण्डल के चारों जनपदों की सड़क दुर्घटनाओं की अद्यावधिक तुलनात्मक समीक्षा की गयी। विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आगरा और मैनपुरी में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हुआ है। समीक्षा के दौरान देखने में आया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। इसे लेकर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि आगरा मण्डल में पुलिस विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही सड़क दुर्घटनाओं का डाटा परिवहन विभाग के साथ साझा किया जाए। सभी ब्लैक स्पॉट चिन्हित किया जाए। सड़कों पर उचित मार्किंग, साइनेज बोर्ड, ब्रेकर, रिफलेक्टर आदि लगाये जाने के अलावा रोड़ एलाइनमेंट आदि उक्त सभी कार्यों का एक प्रस्ताव बनाकर शासन में प्रेषित किया जाए। स्थानीय स्तर पर सड़क स्वामित्व वाले विभाग द्वारा इंजीनियरिंग की कमियों को दूर किया जाए। आईरेड एप में मण्डल में होने वाली प्रत्येक दुर्घटनाओं को फीड करने के निर्देश दिए गये। रोड़ सेफ्टी क्लब के सहयोग से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सभी विद्यालयों में लगातार अभियान और कार्यषाला का आयोजन कर बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद डीआईजी श्री शैलेश कुमार पाण्डेय जी ने सभी अधिकारियों से कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति अपने कार्यों को लेकर हमें अपनी धारणा और व्यवहार में सुधार करने की आवश्यकता है। यातायात जागरूकता अभियान को एक जगह सीमित न रखकर बड़ी सोसाइटी और कॉलोनी में भी ले जाना चाहिए। एनजीओ के माध्यम से आकस्मिक सड़क दुर्घटना के दौरान घायलों को दी जाने वाली आकस्मिक मदद और प्राथमिक उपचार की शिक्षा देने की आवश्यकता है। प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही होनी चाहिए ताकि लोग यातायात के नियमों को हल्के में न लें। टोल प्लाजा पर नियम उल्लंघन पर चार पहिया के साथ दो पहिया वाहनों के खिलाफ भी कार्यवाही की जानी चाहिए। मेडिकल इमरजेंसी सेवाएं को समय समय पर दुरूस्त किया जाए। आईटीएमएस पर प्राप्त होने वाले वॉयलेंस डाटा और जनित चालान के अंतर को समाप्त किया जाए। वहीं शहर में अक्सर जाम की समस्या पैदा करने वाले ई रिक्शा को किस तरह से व्यवस्थित रूप से चलाया जाए इसके लिए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग को साथ काम करने की जरूरत है।

## सुल्तानगंज की पुलिया मुगल रोड पर गंभीर समस्या बने ओपन बार, महिलाओं का निकलना दुश्वार



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** सुल्तानगंज की पुलिया मुगल रोड पर कुछ लोग खुलेआम शराब पीते हुए नजर आते हैं। यह समस्या स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

**आबकारी विभाग की कार्रवाई पर सवाल**

लोगों का सवाल है कि आबकारी विभाग इस समस्या पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है। आबकारी विभाग की जिम्मेदारी है कि वह शराब के अवैध बिक्री और सेवन पर रोक लगाए।

**कार्रवाई की आवश्यकता**

आबकारी विभाग को इस समस्या पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। विभाग को चाहिए कि वह सुल्तानगंज की पुलिया मुगल रोड पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई करे और अवैध शराब बिक्री के खिलाफ अभियान चलाए।

**समाधान**

इस समस्या का समाधान करने के लिए आबकारी विभाग, स्थानीय पुलिस और नगर निगम को मिलकर काम करना होगा। उन्हें सुल्तानगंज की पुलिया मुगल रोड पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए और अवैध शराब बिक्री के खिलाफ अभियान चलाना चाहिए।



## जिला महामंत्री ने किया प्रदीप चौहान का स्वागत

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीरियल सर्विस एसोसिएशन के नवागत प्रान्तीय एवं जिलाअध्यक्ष प्रदीप चौहान का मा0 जिला महामंत्री भाजपा श्री शिवनारायण शर्मा एवं अलीगढ़ फिजिकल एकेडमी के डायरेक्टर आरकेएस चौहान व उनकी समस्त टीम के द्वारा माला व पगड़ी पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। प्रदीप चौहान ने कहा कि कि वह अलीगढ़ समेत प्रदेश भर एसोसिएशन को मजबूती प्रदान करने एवं कार्मिकों के हितों के लिए कार्य करेंगे और सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे।

## मानसून ने दी दस्तकः मूसलाधार बारिश से आगरा के कई क्षेत्र जलमग्न, सड़कों पर नदी के नजारे

### नगर निगम के दावों की खुली पोल, घरों तक घुसा बारिश का पानी



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आखिरकार लंबा इंतजार खत्म हुआ और मानसून ने आज शाम आगरा में पूरी ताकत के साथ दस्तक दे दी। शाम चार बजे के बाद अचानक मौसम का मिज़ाज बदला और कुछ ही पलों में काले-घने बादलों ने पूरे शहर को ढंक लिया। इसके बाद जो बारिश शुरू हुई, वह लगातार आधे घंटे तक तेज़ रफ्तार से होती रही और फिर हल्की फुहारों में तब्दील हुई, लेकिन तब तक शहर की सड़कों ने दरिया का रूप ले लिया।

**दिन में ही छा गया अंधेरा, हेडलाइट्स में चली जिंदगी**

बारिश इतनी तेज थी कि दिन में ही अंधेरा छा गया। कार चालकों को हेडलाइट्स जलानी पड़ीं, जबकि दोपहिया वाहन सवारों को ट्रैफिक रोकना पड़ा। शहर के तमाम हिस्सों में तेज़ हवाओं और कड़कती बिजली की आवाजों ने लोगों को दहशत में डाल दिया।

**जलभराव ने खोली नगर निगम की पोल**

हर साल की तरह इस बार भी आगरा नगर निगम जलनिकासी की तैयारी में नाकाम नजर आया। ल?यर्स कॉलोनी से न्यू लॉयर्स कॉलोनी की ओर जाने वाली सड़कें दरिया में तब्दील हो गईं। नाले और नालियां पर्याप्त नहीं थीं, जिससे सड़कों पर पानी नदी के रूप में बह रहा था।

**जलभराव से प्रभावित प्रमुख क्षेत्र**

आज हुई भारी बारिश से आगरा शहर के रोशन मोहल्ला, बिजलीघर, ग्वालियर रोड, मधुनगर, अलवतिया, अवधपुरी, मारुति एस्टेट, शंकरगढ़ की पुलिया, बालाजीपुरम, रामनगर, नगला पदी, विद्या नगर के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में जलभराव हुआ है। इन इलाकों के कई घरों में भी बारिश का पानी घुस गया, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। एमजी रोड के सेंट ज?न्स चौराहा के अलावा सूरसदन तिराहा पर भी भारी जलजमाव होने से ट्रैफिक रुक गये। बहुत से लोगों के दोपहिया वाहन जलभराव में फंस गये। सेंट ज?न्स से लोहामंडी की ओर जाने वाली सड़क पर तो नदी जैसा दृश्य था।

**पार्षद का बयान, फाइल फंसी विकास के रास्ते में**

मारुति एस्टेट की पार्षद मीनाक्षी वर्मा ने बताया, हमने क्षेत्र में नाले के निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार करवा लिया है, पर फाइल अब तक पास नहीं हो पाई है। वर्षों से जलभराव की समस्या झेल रहे लोग हर बार की तरह इस बार भी प्रशासनिक अनदेखी के शिकार हो रहे हैं।

**पहली ही बारिश भारी पड़ी शहर पर**

मौसम विभाग पहले ही आगाह कर चुका था कि इस बार मानसून समय से पहले दस्तक देगा। आमतौर पर मानसून 20-21 जून को आता है, लेकिन इस बार यह केरल में 1 जून को ही सक्रिय हो गया था। आज की बारिश के साथ पूर्वी और पश्चिमी यूपी में भी मानसून ने आधिकारिक तौर पर प्रवेश कर लिया है।

**टूंडला व फिरोजाबाद में भी बारिश**

आगरा के अलावा टूंडला और फिरोजाबाद से भी बारिश की खबरें आई हैं। लोगों को इस मौसम की पहली ठंडी राहत तो मिली है, पर प्रशासन की तैयारी की सच्चाई भी सामने आ गई है।

## खंदौली प्रधान के खिलाफ तहसील न्यायालय ने दिया बेदखल कर जुर्माने का आदेश

### मामला- ग्राम सभा की भूमि पर अवैध मकान निर्माण का

**आगरा।** ग्राम पंचायत खंदौली के प्रधान राजीव गिरि पुत्र हरिगिरि ने ग्राम पंचायत के मौजा मुन्डीजहॉगीरपुर स्थित ग्राम सभा की भूमि पर जो मौके पर खाद के गड्ढे की भूमि गादा सं. 335 रकवा 0.0494 पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कर ग्राम सभा की भूमि को छति पहुॅचाई थी जिसकी शिकायत स्थानीय लोगो ने तहसीलदार को कर तहसील न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया था। माननीय तहसील न्यायालय ने वाद प्रस्तुत होने के बाद न्यायालय ने लेखपाल के कथन दिनांक 26.7.2023 को दिए गए लेखपाल अपने कथनो एवं प्रस्तु रिपोर्ट में बताया कि मौजा मुनडीजहॉगीरपुर स्थित ग्राम सभा की भूमि जो मौके पर खाद के गड्ढे की भूमि पर राजीव गिरि पुत्र हरिगिरि निवासी मुन्डीजहॉगीरपुर तहसील एत्मादपुर आगरा द्वारा अवैध कब्जा करके ग्राम सभा की भूमि को छति पहुॅचाई गई है। इसके बाद माननीय न्यायालय ने प्रतिवादी पक्ष को भी सुना गया। माननीय न्यायालय ने वाद संख्या 3015/2023 के निराकरण करते हुए अपने फैसले में कहा कि न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं उभयपक्षों की तर्कपूर्ण बहस सुनी गई। अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वंय मौजा मुन्डीजहॉगीरपुर स्थित ग्राम सभा की भूमि जो मौके पर खाद के गड्ढे की भूमि होना पाया गया। इस भूमि पर राजीव गिरि पुत्र हरिगिर निवासी मुन्डीजहॉगीरपुर तहसील एत्मादपुर आगरा के ग्राम सभा की भूमि पर कब्जा पाया गया है जो लेखपाल ने द्वारा अपने अपने बयानो में स्पष्ट किया है। तहसील न्यायालय ने आदेश दिया कि राजीव गिरि पुत्र हरिगिरि को बेदखल किया जाता है। साथ ही क्षतिपूर्ति हर्जाना के रूप में 14535 रूपये व 8/- रूपये निष्पादन व्यय का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है। लेकिन माननीय न्यायालय के आदेश को तीन माह होने के बाद भी आदेश का अमल नही हुआ है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रदेश सरकार अवैध कब्जा करने वालो एवं भू माफिआओ के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। वही ग्राम पंचायत का जिम्मेदार प्रधान होने के बावजूद भी पंचायत की शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा रहा हैं और बेदखली के आदेश के वाद भी उसके खिलाफकोई कार्यवाही न होना प्रदेश सरकार की कार्यवाही में प्रश्न चिन्ह खडा करता है।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर दिये जाने वाले पुरस्कारों के लिये 15 जुलाई तक करें आवेदन

**अलीगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग व्यक्तियों एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों, स्वैच्छिक संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किये जाते है। उन्होंने बताया कि पुरस्कार के लिये निम्नानुसार श्रेणियाँ निर्धारित की गई हैं। सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी, स्वनियोजित, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या ऐजेंसी, दिव्यांग व्यक्तियों के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति व संस्था, दिव्यांग व्यक्तियों के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति, प्रेरणास्रोत, दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ अनुप्रयुक्त अनुसंधान या नवप्रवर्तन या उत्पाद विकास, दिव्यांग व्यक्तियों के लिए बाधामुक्त वातावरण के सृजन में उत्कृष्ठ कार्य के लिए। पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने में सर्वश्रेष्ठ जिले के लिए। सृजनशील वयस्क दिव्यांग व्यक्ति एवं सर्वश्रेष्ठ बालक-बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस ,सर्वश्रेष्ठ सुगम्य बेबसाईट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडी, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण के लिये कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्बन्धित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं आवेदन पत्र के प्रारूप दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश की विभागीय वेबसाइट uphwd.gov.in पर उपलब्ध है।

पुरस्कार के लिये पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र उनकी उपलब्धियों से संबंधित अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ विकास भवन स्थित कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कक्ष संख्या 08 में 15 जुलाई 2022 तक 02 प्रतियों में जमा करें।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक 18 जून को

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में 18 जून को अपरान्ह 01 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आहुत की जाएगी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए सभी सदस्यगणों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में उपस्थित होकर उसे सफल बनाएं।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का उठायें लाभ

**दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति, शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना हेतु करें आवेदन, योजनान्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15 हजार, युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20 हजार एवं युवक-युवती दोनों दिव्यांग होने की दशा में रू0 35 हजार की पुरस्कार स्वरूप दम्पत्ति को प्रदान की जायेगी धनराशि**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्रीमती ज्ञान देवी ने अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15000/- व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20,000/- तथा युवक-युवती दोनों दिव्यांग होने की दशा में रू0 35,000/- की धनराशि पुरस्कार स्वरूप दम्पत्ति को प्रदान की जाती है, जिसमें पात्रता यथा- विवाह के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। युवती की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई आयकर दाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। ऐसे दिव्यांगजन दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि आवश्यक दस्तावेज यथा- दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो। विवाह पंजीकरण अथवा शादी का कार्ड। युवक एंव युवती का आयु प्रमाण पत्र। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र। राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता। निवास प्रमाण पत्र तथा वर एवं वधु के आधार कार्ड निर्धारित किए गये है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना हेतु ऑनलाइन www.divyanjanupsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आय व जाति प्रमाण पत्र, युवक एवं युवती का आयु का प्रमाण पत्र (जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो) सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र एवं युवक एंव युवती के आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त एक प्रति दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, विकास भवन, संजय पैलेस आगरा में जमा करेंगे ताकि नियमानुसार कार्यवाही की जा सके।

## सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग श्री दीपक गोयल ने आकाशवाणी केंद्र परिसर गौशाला का किया निरीक्षण

### गौआश्रय स्थल को पर्यटन के उद्देश्य से गौवंश सफारी के रूप में विकसित करने का दिया सुझाव, गौआश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने में धरातल पर किया जाए कार्य



**अलीगढ़।** सदस्य उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग श्री दीपक गोयल द्वारा मंगलवार को अनूपशहर रोड स्थिल आकाशवाणी केंद्र परिसर में संचालित गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय परिसर में लगभग 680 गौवंश संरक्षित पाए गए, सभी गौवंश स्वस्थ थे। खुला जंगल एवं चारों तरफ हरियाली देखकर सदस्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये सुझाव दिया गया कि इस गौआश्रय स्थल को पर्यटन के उद्देश्य से गौवंश सफारी के रूप में विकसित किया जाये। पशु चिकित्साधिकारी छेरत द्वारा अवगत कराया गया कि गौआश्रय स्थल का परिसर भारत सरकार की सम्पत्ति होने के कारण कोई भी निमार्ण कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है। मा0 सदस्य ने यह भी निर्देश दिये गये कि परिसर बडा होने एवं गौवंश का स्वास्थ्य अच्छा होने के कारण यहां अधिक से अधिक गौवंशों संरक्षित कराया जाए। उन्होंने कहा कि गोबर से गौ काष्ठ एवं जैविक खाद बनाकर गौआश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाया जाए ताकि गौआश्रय स्थलों में सुविधाओं में और बढ़ोत्तरी की जा सके। इस दौरान उन्होंने गाय को गुड़ एवं हरा चारा खिलाकर गौसेवा भी की।

## ओ लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए 14 जुलाई तक करें आवेदन

**अलीगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रोहित कुमार ने विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार छात्र-छात्राओं ओ-लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराया जाना है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट obccomputer-training.upsdc.gov.in पर 14 जुलाई तक अपना ऑनलाइन आवेदन कर सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर हार्डकॉपी विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या 07 में तक जमा कराना सुनिश्चित करें।

## इजराइल-ईरान युद्ध तीसरे विश्वयुद्ध में परिवर्तित हुआ तो अमेरिका खंडित होकर समाप्त हो जाएगा - हिन्दू महासभा

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा/नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने इसराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध पर गंभीर चिन्ता व्यक्त करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसराइल और ईरान से वार्ता करने और दोनों देशों के बीच युद्ध विराम की पहल करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच युद्ध भयानक से भयानकतम् होता जा रहा है, जो मानव जाति को विनाश की दिशा में ले जा रहा है। दोनों देशों के बीच युद्ध विराम मानव जाति की सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो गया है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है। इसराइल और ईरान दोनों देशों को अपने अपने राज्य और नागरिकों की सुरक्षा के लिए विरोधी देशों पर कार्रवाई का पूरा अधिकार है, किन्तु युद्ध को अपनी सैन्य शक्ति का अहंकार स्वीकार कर अपने अहंकार को तुष्ट करने मात्र के लिए युद्ध को जारी रखना मानव जाति के विनाश के अतिरिक्त कुछ भी नहीं हो सकता। उन्होंने इस युद्ध को मूल रूप से अमेरिका के अहंकार से जोड़ते हुए कहा कि अमेरिका अपने हथियार बेचने और स्वयं को वैश्विक महाशक्ति बनाए रखने के अहंकार के वशीभूत होकर इसराइल ईरान युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा दे रहा है। ऐसा ही बढ़ावा अमेरिका रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को भी दे रहा है। अमेरिका का यह अहंकार से भरा दृष्टिकोण पृथ्वी पर मानव जाति के सर्वनाश को आमंत्रित कर रहा है। बी एन तिवारी ने बताया कि हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि अमेरिका और ईरान का एक दूसरे पर हमले की धमकी देना और इसके लिए सैन्य तैयारी रखना विश्व शांति और मानव जाति की रक्षा के लिए भयंकर खतरा सिद्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और सैन्य ठिकानों को ध्वस्त करने के बाद पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने के बाद ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित कर अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय दिया था। इसराइल और ईरान तथा रूस और यूक्रेन को भी भारत से सीख लेते हुए अपनी अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए युद्धविराम कर विश्व शांति और मानवता की रक्षा में अपना अपना महत्वपूर्ण योगदान देने पर तत्काल विचार करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि अगर इसराइल और ईरान युद्ध में अमेरिका शामिल होता है तो रूस और चीन को भी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से युद्ध में शामिल होना पड़ेगा। ऐसी परिस्थिति इजराइल और ईरान युद्ध तीसरे विश्वयुद्ध में परिवर्तित होता है तो यह विश्वयुद्ध विश्व की आधी से अधिक आबादी को मौत की नींद सुला सकता है। इतना ही नहीं, वैश्विक विज्ञान और विकास कम से कम सौ साल पीछे चला जाएगा। उन्होंने कहा कि तीसरा विश्वयुद्ध हुआ तो अमेरिका बुरी तरह से खंडित हो समाप्त हो जाएगा। अमेरिका के समाप्त होते ही भारत अमेरिका की जगह विश्व की आर्थिक और सामरिक महाशक्ति बनकर विश्व का सर्वमान्य नेतृत्व करेगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने कहा कि हिन्दू महासभा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किए आह्वान में कहा कि इजराइल भारत का पुराना सांस्कृतिक और कूटनीतिक मित्र है, जबकि मोदी युग में भारत और ईरान के संबंधों में भी मधुरता का संचार हुआ है। हिन्दू महासभा ने इन्हीं संबंधों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दोनों देशों से वार्ता कर दोनों देशों को युद्धविराम के लिए तैयार करने की मांग की है।

## एत्मादपुर नेशनल हाइवे पर जलभराव : डेंगू और मलेरिया जैसे रोगों का खतरा



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** एत्मादपुर आगरा-कानपुर नेशनल हाइवे स्थित गांव भागूपुर पर सर्विस रोड के बराबर बने नाले चोक होने के चलते जलभराव हो रहा है। सोमवार हुई बारिश के चलते पानी अधिक होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। गांव भागूपुर फ्लाईओवर के बराबर से सर्विस रोड पर बने नालों की कई महीनों से सफाई नहीं हुई है। सर्विस रोड पर कई दिनों से जलभराव हो रहा है। जिसके चलते राहगीरों को आवागमन में दिक्कत होती है। सड़क पर भरे गंदे पानी से राहगीर निकलने को मजबूर हो रहे हैं। सोमवार हुई तेज वर्षा से जलभराव होने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। ग्राम प्रधान राकेश यादव ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक संदीप यादव को ज्ञापन देकर नालों की जल्द सफाई कराने की मांग की है। पीडी ने आश्वासन दिया है। बता दें कि एन एच 19 के नालो कि सफाई ना होने के कारण ग्रा0 प0 भागुपुर में स्थित ह.॥.19 के रोड पर जलभराव से राहगीर व गाँववाशियो का जनजीवन अस्त- व्यस्त हो गया है। राकेश यादव प्रधान ने लगभग हर एक अधिकारी को इस समस्या से अवगत करवाया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है!!अगर बारिश के मौसम से पहले ही इस समश्या का समाधान नहीं हुआ तो राकेश यादव प्रधान एक बड़े आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी कीचड़ और बदबू भरे माहौल में पूजा-अर्चना करने जाना पड़ रहा है। दुकानदारों की मानें तो बदबू और मच्छरों के कारण ग्राहकों की संख्या भी घट गई है। डेंगू और मलेरिया जैसे रोगों का खतरा सिर पर मंडरा रहा है। राकेश यादव प्रधान ने बताया कि रात होते ही सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि पानी में गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता।

## बांके बिहारी कॉरिडोर को बृजवासियों का भारी जनसमर्थन

**महिलाओं ने ईंटें भेंटकर किया कॉरिडोर का पुरजोर समर्थन, कॉरिडोर से पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा, मिशन शक्ति समूह ने भी किया कॉरिडोर का समर्थन, कॉरिडोर से ब्रजभूमि की अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आयाम, प्रस्तावित कॉरिडोर के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से किया आभार व्यक्त**

सांध्य पहल संवाददाता



**वृंदावन/ मथुरा।** वृंदावन में प्रस्तावित श्री बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर योगी सरकार को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है। मंगलवार को नव सृजन ब्रज मंडल (रजि.) संस्था की महिलाओं ने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को ईंटें भेंटकर इस कॉरिडोर निर्माण के प्रति अपना पुरजोर समर्थन व्यक्त किया। संस्था की अध्यक्ष गंगारानी चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष प्रीति चतुर्वेदी और संरक्षक महेश चतुर्वेदी सहित अन्य सदस्यों ने इस पहल में भाग लिया। नव सृजन ब्रज मंडल की महिलाओं ने कॉरिडोर के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे पर्यटकों और श्रद्धालुओं को सुदृढ़ व्यवस्थाएं मिलेंगी। उनका मानना है कि यह निर्माण जनपद में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और वृन्दावन के चहुंमुखी विकास को गति देगा। उन्होंने परिवर्तन ही संसार का नियम है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कॉरिडोर का निर्माण समय की मांग है। महिलाओं ने यह भी उल्लेख किया कि कुछ गोस्वामी पुरानी परंपराओं का हवाला देकर कॉरिडोर का विरोध कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि लाखों लोगों को रोजगार और वृन्दावन के समग्र विकास के लिए कॉरिडोर का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब कॉरिडोर को लेकर कुछ वर्गों द्वारा विरोध प्रदर्शन भी देखे जा रहे हैं।

इसी क्रम में मिशन शक्ति समूह के समस्त सदस्य ने भी जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को पत्र सौंपकर कॉरिडोर के समर्थन में आवाज उठाई। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर वृन्दावन में बनने वाले इस कॉरिडोर के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार व्यक्त किया। पत्र में कहा गया है कि वृन्दावन में बढ़ती भीड़ के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं, और बुजुर्ग श्रद्धालु दर्शनों से वंचित हो रहे हैं। मिशन शक्ति समूह ने अपने पत्र में यह भी बताया कि भीड़ के कारण वृन्दावन में कारोबार प्रभावित हो रहा है, और स्थानीय लोगों को आपात स्थिति में इलाज या एम्बुलेंस जैसी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। उनका मानना है कि कॉरिडोर बनने से करोड़ों भक्तों को सहज और सुखद वातावरण में दर्शन का सौभाग्य मिलेगा, वहीं वृन्दावन का प्राचीन स्वरूप व्यवस्थित होगा। यह कॉरिडोर न केवल वृन्दावन बल्कि समूची ब्रजभूमि की अर्थव्यवस्था और स्थानीय कारोबार के लिए मील का पत्थर साबित होगा, जिससे अयोध्या और बनारस की तरह श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी होगी। इससे मथुरा, गोवर्धन, नंदगांव, बरसाना, गोकुल, महावन और बलदेव जैसे अन्य तीर्थ स्थलों पर भी रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

## जिम कार्बेट के प्रतिभाशाली छात्रों ने नीट 2025 में बाजी मारी, स्कूल में किया गया सम्मानित



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जिम कार्बेट पब्लिक स्कूल आगरा के सी बी एस ई बोर्ड परीक्षा 2025 में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे अभि मन्यू अग्रवाल एवं प्रियंका तोमर ने पहले प्रयास में ही नीट 2025 में ऑल इंडिया में 534 रैंक एवं 9030रैंक हासिल कर मेडिकल में चयन पाया है।जिम कार्बेट ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की डायरेक्टर डा मीना सिंह राघव एवं संस्थापक ई आर के सिंह राघव ने मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित एवं शुभ कामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि अभिमन्यु अग्रवाल एवं प्रियंका तोमर शुरू से ही मेधावी विद्यार्थी रहे है।कक्षा 10 में भी इन्होंने स्कूल को टॉप किया था। डायरेक्टर डा मीना सिंह राघव ने नीट में चयनित दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं। इस अवसर पर स्कूल संस्थापक ई आर के सिंह राघव, दोनों विद्यार्थियों के पिता डॉ बी एस अग्रवाल एवं श्री विनेश जी तोमर, उप प्रधानाचार्य दीपक धाकरे मौजूद रहे।

## डीआईजी रेंज के बंगले की जमीन का सौदा: घी कारोबारी से उनके ही पार्टनरों ने की धोखाधड़ी, 1.20 करोड़ रुपए ठगे

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** बालूगंज में 16 बीचे से अधिक क्षेत्रफल में फैले डीआईजी रेंज के बंगले के हिस्से की जमीन को दो बार बेचा जा चुका है। अब इसी जमीन को विक्रय करने के बहाने 1.20 करोड़ रुपए हड़पने का केस कंपनी के निदेशक ने अपने तीन पार्टनरों के खिलाफ दर्ज कराया है। डीआईजी रेंज की जमीन के कुछ हिस्से का तहसील में मार्च 2024 में आरोपी फैसल, इकबाल आदि के पक्ष में नामांतरण कराया गया था। तब इस बाबत आईजी रेंज दीपक कुमार ने शासन को पत्र लिखा था। कमला नगर के रहने वाले बिग डैडी फर्म के निदेशक सौरभ बंसल ने रकाबगंज थाने में दर्ज कराई एफआईआर में अपनी ही कंपनी के पार्टनर कपिल अग्रवाल, सनी जैन, प्रशांत जैन पर बेशकीमती जमीन के सौदे के बहाने करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। व्यवसायी ने बताया कि 10 मई 2024 को सनी और कपिल उनके पास आए बताया कि बालूगंज में 6,890 वर्ग गज जमीन बिकाऊ है। उसने 25 जून 2024 को एक पंजीकृत इकरारनामा अपने व शाहिद रजा के नाम करा दिया। बयाने में 1.20 करोड़ रुपए, 30 लाख के बैंक ड्राफ्ट, 24 लाख के स्टांप, छह लाख रुपए की रसीद के लिए दिए। इसके बाद 15 मई को 5 लाख रुपए कपिल व सनी ने उनसे लिए। जिस जमीन का इकरारनामा उनसे कराया गया वह नजूल की है। आरोपियों ने उनके 1.20 करोड़ रुपए ठग लिए। विजय नगर कालोनी निवासी सनी जैन वर्तमान में फिरोजाबाद जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ था।

**वादी के खिलाफ भी दर्ज है केस**

रकाबगंज थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराने वाले सौरभ बंसल के खिलाफ नाई की मंडी थाने में पहले से धोखाधड़ी का केस दर्ज है। यह केस प्रतीक्षा एन्कलेव, दयालबाग निवासी राकेश कुमार ने दर्ज कराया है। उन्होंने कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था। 16 मई 2025 को दर्ज कराए केस में सौरभ के अलावा इकबाल खां, इरशाद, फिरोज खां, फैसल खां, दिलशाद खां, शाहिद रजा नामजद हैं। राकेश कुमार ने बताया कि इरशाद, इकबाल, फिरोज, फैसल, दिलशाद ने अपनी पैतृक संपत्ति बताकर 1844 वर्ग मीटर का 15 लाख रुपए में मार्च 2020 में इकरारनामा किया था। इकरारनामा में उनके मित्र राकेश शर्मा भी शामिल थे। उनका देहांत हो गया। उन्होंने आरोपियों से मुख्तयारनामा में नाम परिवर्तन करने को कहा लेकिन बहाना बनाया जाता रहा। तहसील से जानकारी करने पर पता चला कि आरोपियों ने उनसे एग्रीमेंट के बावजूद जमीन का सौदा सौरभ बंसल और शाहिद रजा से कर दिया। इसकी विवेचना चल रही है।

## किसान परिवारों को मिली आर्थिक मदद: 22 मृतकों के परिवार को 5-5 लाख और 17 किसानों को कृषक उपहार योजना का लाभ

**कृषि मण्डी समिति के सहयोग से किरावली में किसानों को राहत व उपहार, मुख्यमंत्री कृषि दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 22 लाभार्थियों को 1,03,90,000 की सहायता राशि वितरित**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** सोमवार को तहसील किरावली में लेखपाल सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का जमावड़ा रहा। बता दें कि, तहसील सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना एवं राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद द्वारा संचालित, मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत अक्टूबर 2022 से सितंबर 2024 तक त्रैमासिक एवं छमाही लकी ड्रॉ में मंडी समिति अछनेरा एवं फतेहपुर सीकरी के 17 लाभार्थियों को कृषक उपहार भेंट किए गए।प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार को तहसील किरावली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में किसानों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कृषि दुर्घटना बीमा योजना और लकी ड्रा के तहत उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन कृषि उत्पादन मण्डी समिति के तत्वावधान में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक चौधरी बाबूलाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन आजाद भगत सिंह, उपजिलाधिकारी किरावली नीलम तिवारी, ब्लॉक प्रमुख अछनेरा गायत्री देवी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि फतेहपुर सीकरी गुड्डू चाहर, व अन्य अधिकारियों ने सहभागिता की है। बता दें कि, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत, तहसील सभागार में 22 किसानों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह मदद उन परिवारों को दी गई है। जिनके सदस्य कृषक या खेतिहर मजदूर दुर्घटना में जान गंवा चुके हैं। इसके अलावा कृषक उपहार योजना के लकी ड्रॉ से 17 लाभार्थियों को उपहार वितरित किए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री कृषि दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 22 लाभार्थियों को कुल एक करोड़, तीन लाख 90, हजार की सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। प्रमुख लाभार्थियों में निसा (पत्नी जितेंद्र सिंह) को 47,000, सायरा बानो (पत्नी जाविर) को 5 लाख, सुमित्रा (पत्नी विष्णु) को 5 लाख, अनीता (पत्नी लक्ष्मण) को 47,000, सावित्री, शांति, नीतू, मीना देवी, पूजा सिंह, शिव देवी, रूपवती, रेनू, मोहनवती, रचना देवी, लाखन सिंह, सहित और कई अन्य परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण के साथ ही राज्य कृषि उत्पादन परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित कृषक उपहार योजना के अंतर्गत त्रैमासिक एवं छमाही लकी ड्रा में चयनित 17 किसानों को कृषि यंत्र व घरेलू उपयोगी उपकरण जैसे पावर स्प्रेयर, टीवी, डीजल इंजन, सोलर पावर पैक, मिक्सर ग्राइंडर आदि वितरित किए गए।पुरस्कृत किसानों में विजय कुमार (डिठवार), प्रताप सिंह (टीकरी), खजान सिंह (डावली), पप्पू (कचोरा), किशन सिंह सिसोदिया (कुकथला), राजवीर (झारौठी) आदि शामिल रहे। इस अवसर पर मण्डी सचिव अछनेरा संजय पचहेरा, सहायक पुलिस आयुक्त अछनेरा गौरव सिंह, तहसीलदार दीपांकर सिंह, नायब तहसीलदार राजपाल सिंह नायब तहसीलदार अनिल चौधरी, थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह, विधायक प्रतिनिधि डॉ रामेश्वर चौधरी, कानूनगो भगवान सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम ने सरकार की किसान-हितैषी योजनाओं की धरातल पर पहुंच की एक मिसाल पेश की।

**इनका कहना है।**

इस मौके पर एसडीएम किरावली नीलम तिवारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत न केवल कृषकों, बल्कि खेती से जुड़े श्रमिकों और मजदूरों को भी दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में 5 लाख रुपये की सहायता दी जाती है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। जिससे उनकी आजीविका में सहारा मिलेगा।

**नीलम तिवारी उप जिलाधिकारी किरावली**

## चलती कार में लगी आग: चार शिक्षकों ने कूदकर बचाई जान, शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** चलती कार में आग लग गई। कार सवार शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कूद कर जान बचाई। कार एक घंटे तक जलती रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल को बुलाया। करीब 30 मिनट में आग पर काबू पाया जा सका। आगरा के खंदारी निवासी संजय सिंह, सिंकदरा निवासी दिनेश शर्मा और श्वेता सिंह, जयपुरिया निवासी चचंल जैन उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगोरा फतेहाबाद में टीचर हैं। सोमवार को यह सभी लोग कार से स्कूल जा रहे थे। कार को दिनेश शर्मा चला रहे थे।सुबह करीब 9. 45 बजे थाना शमशाबाद क्षेत्र के बाईपास गढ़ी थाना के पास अचानक कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। इस पर दिनेश ने कार को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच कार से आग की लपटें निकलने लगीं। कार में मौजूद अन्य टीचर नीचे कूद गए और दूर भागे। इसी बीच कार आग का गोला बन गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस कर्मियों ने दमकल को सूचना दी। करीब 30 मिनट बाद दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। आधे घंटे में आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से कार में आग लगी थी। इंस्पेक्टर शमशाबाद हंसराज भदौरिया ने बताया कि बाईपास पर कार में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर तुरंत पुलिस टीम को भेजा गया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है। कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।



## डॉक्टर की बेटी को बदनाम करने की धमकी: साइबर ठग ने कहा तुम्हारी बेटी के वीडियो मेरे पास है, पैसे भेजो नहीं तो वायरल कर दूंगा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** साइबर ठगों द्वारा यमुना पार क्षेत्र के डाक्टर की बेटी को बदनाम करने की धमकी दी जा रही है। बेटी विदेश में रहकर पढ़ाई कर रही है। फोन पर काल कर रुपए मांगे जा रहे हैं, रुपए न देने पर फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। डाक्टर की ओर से थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ट्रांस यमुना क्षेत्र के एक चिकित्सक की बेटी विदेश में रहकर पढ़ाई कर रही है। बेटी का फोन घर पर मां के पास है। डाक्टर ने पुलिस को बताया कि 13 मई को बेटी के मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहाकि तुम्हारी बेटी के अश्लील फोटो वीडियो है। अगर, इन वीडियो फोटो को वायरल होने से बचाना है तो रुपए दो। रुपए नहीं दिए तो इन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा। काल करने वाला धमकी और गालीगलौज करते हुए रुपए मांग रहा था। इससे पत्नी घबरा गई। मोबाइल फोन बंद कर दिया।

**पहले भी दे चुका है धमकी**

डाक्टर ने पुलिस को बताया कि दो साल पहले भी इस नंबर से उन्हें धमकी मिली थी। उस समय उन्होंने समाज में बदनामी होने के डर के चलते कोई शिकायत नहीं की थी। मगर, अब फिर से ब्लैकमेल किया जा रहा है। पुलिस ने डाक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सांधन गांव में आकाशीय बिजली से पांच भैंस तथा एक गाय की मौत

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** ब्लॉक अछनेरा के गांव सांधन में आकाशीय बिजली गिरने से संतवीर पुत्र सोरन सिंह निवासी सांधन की पांच भैंस तथा राजेंद्र उर्फ पप्पू पुत्र अख्तर सिंह निवासी सांधन की एक गाय मौत हो गई। पशुपालक अपनी भैंसों को खेतों में चराने के लिए ले गए थे। तभी बारिश के दौरान तेज गड़गड़ाहट के साथ बिजली चमकी और खेतों में चर रही पांच भैंसों तथा एक गाय पर बिजली पड़ी। तत्काल ही पांच भैंसों तथा एक गाय की मौत हो गई। मंजर देख पशुपालक और अन्य ग्रामीण भैंसों और गाय की और दौड़े। ग्रामीणों ने भैंसों और गाय को मृत अवस्था में पाया। पशुपालक बेहद ही गरीब परिवार से है। जैसे तैसे दूध बेचकर अपना गुजारा कर रहे थे। लेकिन भैंसों के मरने से उनके ऊपर परेशानियों का पहाड़ टूट गया है। शासन प्रशाशन से मदद की गुहार लगाई है।

## डीसीपी पश्चिम ने किया थाना अछनेरा का औचक निरीक्षण: दिए दिशा-निर्देश

**आगरा।** सोमवार देर रात्रि थाना अछनेरा का औचक निरीक्षण करने डीसीपी पश्चिमी जोन अतुल शर्मा पहुंचे। इस दौरान डीसीपी वेस्ट अतुल शर्मा के औचक निरीक्षण से पुलिस कर्मियों में खलबली मची रही। डीसीपी ने इस दौरान निरीक्षण करते हुए बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन अतुल शर्मा ने थाना कार्यालय के बाद महिला हेल्प डेस्क, थाने में कर्मचारियों के बैरक, रहने के आवास, थाना प्रांगण का स्थलीय भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर को साफ सफाई रखने के साथ संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। और थाना प्रभारी से जानकारी ली और कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधियों पर लगाम लगाने के आदेश दिए। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन अतुल शर्मा के औचक निरीक्षण के दौरान सभी की सांसे अटकी रही। डीसीपी पश्चिमी जोन अतुल शर्मा ने बताया है कि निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।और थाने में आने वाले फरियादियों की किसी भी प्रकार की समस्या को सुनकर त्वरित कार्रवाई करने के दिशा निर्देश भी दिए है।और थाना स्टाफ को ड्यूटी संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी अछनेरा देवेंद्र कुमार द्विवेदी व निरीक्षक अपराध विजय चंदेल वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र यादव सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा।



## तहसील पर मृतक किसानों के परिजनों को दिए पांच - पांच लाख के चेक

**हाथरस।** तहसील सासनी के सभागार में किसान दुर्घटना बीमा के तहत 6 पात्र लोगों को सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर एवं एसडीएम नीरज शर्मा ने मृतक के परिजनों को पांच लाख प्रति किसान के हिसाब से तीस लाख रुपए का चेक वितरण किया गया। इस दौरान विधायक अंजुला माहौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किसानों व कृषि कार्य में लगे खेतिहरों को फसलोत्पादन के लिए हर तरह की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना भी किसानों को सामाजिक सुरक्षा देने वाली प्रमुख योजना है। इसे मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश के किसानों सहित बटाई पर खेती करने वाले किसानों के लिए भी लागू किया है। उन्होंने कहा कि खेतीबाड़ी प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसान खेत में पूरे वर्ष काम करता है। खेती का काम करते समय किसान की विभिन्न दुर्घटनाओं में मौत भी हो जाती है। ऐसी दशा में किसान का परिवार आर्थिक परेशानी में पड़ जाता है। ऐसे में प्रदेश सरकार द्वारा पीड़ित परिवारों को पांच लाख रुपये देने की योजना लागू की गई है। इसी के तहत मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अंतर्गत छह मृत किसानों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये का चेक दिया गया। इस योजना का लाभ लेने के लिए उत्तर प्रदेश के मूल निवासी किसान जिनकी आय का मुख्य साधन कृषि है, जो कि पात्र होंगे। किसान की आयु 18 वर्ष से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए। यदि किसी किसान के पास अपनी भूमि नहीं है और वह बटाई पर दूसरे किसान की भूमि पर खेती करता है और किसी दुर्घटना के दौरान उसकी मौत हो जाती है या वह विकलांग हो जाता है तो वह भी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होगा। किसी किसान की मौत होने पर उसके उत्तराधिकारियों को मुआवजे की धनराशि बैंक खातों में भेजी जाती है। किसान/उत्तराधिकारी का बैंक में खाता भी होना जरूरी है। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक नीरज शर्मा, प्रमोद अग्निहोत्री, प्रेम सिंह कुशवाहा, आरके राकेश जैन, एवं कन्हैया सिंह तोमर के अलावा भाजपा के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

## संपादकीय

# चुनाव निकाय को बदनाम करना बेतुका

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मैच फिक्सिंग के आरोप में लिखे लेख पर चुनाव आयोग ने प्रतिक्रिया दी। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में बीते साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के दावों को खारिज किया। कहा कि अनुकूल चुनाव परिणाम न मिलने के बाद चुनाव निकाय को बदनाम करना बेतुका है। गांधी के अनुसार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्ल्यूप्रिंट था, जो बिहार में होने वाले चुनाव में भी दोहराया जाएगा। उन्होंने लिखा, मैच फिक्स किए चुनाव लोकतंत्र के लिए जहर हैं। जो पक्ष धोखाधड़ी करता है, वह भले ही जीत जाए मगर इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं और जनता का नतीजों से भरोसा उठ जाता है। आयोग ने अपने बयान में कहा, कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है, बल्कि हजारों प्रतिनिधियों को बदनाम और लाखों कर्मचारियों को हतोत्साहित करती है। राहुल ने आयोग के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा-आप संवैधानिक संस्था हैं। मध्यस्थों को बिना हस्ताक्षर वाले, टालमटोल वाला नोट जारी करना गंभीर सवालों का जवाब देने का तरीका नहीं है। हालांकि राहुल को आरोपों के पुख्ता सबूत देने के प्रयास भी करने चाहिए। महाराष्ट्र के मतदाताओं में 8त्न की वृद्धि पर कांग्रेस ने उसी वक्त आपत्ति दर्ज की थी। सत्ता पक्ष का कहना है कि चुनाव में करारी हार को विपक्ष गले नहीं उतार पा रहा। इसलिए आरोप गढ़ कर मोदी सरकार को बदनाम करने का काम कर रहा है। चुनाव आयोग संविधान द्वारा स्थापित संवैधानिक निकाय होने के बावजूद मोदी सरकार के विभिन्न निर्णयों के बाद कई मौकों पर विवादों में आता रहा है। स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनाव का दारोमदार अंततः आयोग पर होता है। मगर पूर्व में चुनाव आयुक्त रह चुके सुकुमार सेन, टीएन शेषन और जेएम लिंग्दोह की तरह कोई भी संस्था की प्रतिष्ठा को अक्षुण्ण रखने में सफल नहीं हो सका। बात भाजपा नेताओं के सांप्रदायिक भाषणों की हो, इलेक्टोरल बॉन्ड या वोट संख्या की बजाय प्रतिशत जारी करने की, बार-बार आयोग पर पक्षपाती होने का आरोप लगा जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। उसे पक्षपाती नहीं होना चाहिए। नियमों की अनदेखी या उपेक्षा पर सभी दलों को फटकार लगाने और जवाबतलबी में संकोच नहीं करना चाहिए। राजनेताओं के तरीके बदल रहे हैं। वे वोट के लोभ में असंवैधानिक और निंदनीय भाषा का इस्तेमाल करते हैं। वोट प्राप्ति के लिए दांव-पेंच करते हैं जिस पर आयोग को कड़ी आपत्ति करनी चाहिए।

# कर्मों की कुशलता ही योग है

(कुमार कृष्णन-विनायक फीचर्स)



आधुनिक जीवनशैली या स्वास्थ्य संबंधी आदतें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर रही हैं। आधुनिक जीवनशैली के कारण मनोवैज्ञानिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम लगातार बढ़ रहे हैं। आज, बहुत से लोग अस्वस्थ जीवनशैली अपनाते हैं और गंभीर बीमारियों, विकलांगताओं और यहाँ तक कि मृत्यु का सामना करते हैं। अव्यवस्थित जीवनशैली से हृदय संबंधी रोग, जोड़ों और हड्डियों की समस्याएँ, मोटापा और उच्च रक्तचाप जैसी कई चयापचय संबंधी बीमारियाँ भी हो रहीं हैं। आधुनिक जीवन शैली अपनाने के कारण आज का मानव न चाहते हुए भी दबाव एवं तनाव, अविश्राम, अराजकता, रोग ग्रस्त, अनिद्रा, निराशा, विफलता, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या तथा अनेकानेक कष्टपूर्ण परिस्थितियों में जीवन निर्वाह करने के लिए बाध्य हो गया है। परिणामस्वरूप अनेकानेक शारीरिक रोगों के साथ-साथ मानसिक असंतुलन, चिंताएं, उदासी, सूनापन एवं दुर्भावनात्मक विचार उसे चारों ओर से घेर लेते हैं। इन परिस्थितियों का दृढ़ता के साथ सामना करने के लिए हमारी भारतीय पौराणिक योग पद्धति सहायता कर सकती हैं। योग साधना को यदि अपने जीवन का अभिन्न अंग बना दिया जाए तो यह मानव की खोई हुई राजसत्ता की पुनर्प्राप्ति का आश्वासन देता है एवं पुन॰ अनन्त सत्य के साथ जीवन जीने की कला सिखाता है। योग स्वयं जीवन का संपूर्ण सद्विज्ञान है। योग हमारे सभी शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक कष्टों एवं रोगों से मुक्ति दिलाता है। यह परिपूर्णता एवं अखण्ड आनंद के लिए वचनबद्ध है। भगवान श्री कृष्ण श्रीमद्भागवत गीता में स्वयं योग की परिभाषा द्वितीय अध्याय के पचासवें श्लोक में देते हैं- ''योग॰ कर्मसु कौशल'' अर्थात् कर्मों की कुशलता का नाम योग है।

महर्षि पतञ्जलिकृत योग-दर्शन में व्याख्या की गई है।

''योगश्चित्र वृत्ति निरोध॰ अर्थात चित्रवृत्तियों का नियंत्रण ही योग है। योग साधक अपने स्वरूप में स्थित हो जाता है योग अनुशासन का दूसरा नाम है।

महर्षि पतञ्जलि का अष्टांग योग भौतिक उन्नति के साथ आध्यात्मिक विकास के लिए मन पर नियंत्रण की प्रेरणा देता है यह केवल हिमालय पर रहने वाले साधु-संतों, सन्यासियों के लिए ही नहीं, अपितु सभी गृहस्थियों के लिए भी एक सन्मार्ग है।भारतीय योग को अनेक महान हस्तियों द्वारा अलंकृत किया गया। इनमें क्रियायोग के आदिगुरु श्यामाचरण लाहिड़ी,तिरूमलाई कृष्णमाचारी, स्वामी शिवानंद सरस्वती, श्रीयोगेन्द्र, के पट्टाभिजायस, बी.के आयंगर,स्वामी सत्यानंद सरस्वती,स्वामी निरंजनानंद सरस्वती जिन्होंने सर्वांगीण योग चेतना के माध्यम से न सिर्फ रोगी मनुष्य के कायाकल्प का प्रयास किया बल्कि प्राचीन प्रबुद्धता की व्याख्या करते हुए हर प्रकार के भ्रामक विचारों और व्यवहारों के विरूद्ध संघर्षरत समाज की सेवा में अपनी नवप्राप्त ऊर्जा लगाकर एक आध्यात्मिक रूप से प्रबुद्ध व्यक्तित्व का सृजन किया। स्वामी शिवानंद वर्तमान युग के प्रथम मनीषी हुए जिन्होंने यह भलीभांति समझा कि आधुनिक समाज की आवश्यकता वेदांत जैसे उच्च शास्त्रीय सिद्धांत नहीं बल्कि सरल, सुलभ एवं



व्यवहारिक योग विद्या है। योग के माध्यम से न केवल मनुष्य की शारीरिक मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक जरूरतें पूरी हो सकती हैं बल्कि मानव व्यक्तित्व का पूर्ण रूपान्तरण किया जा सकता है

योग के मुख्य आठ अंग हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि।

पांच यम हैं अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह।

पांच नियम हैं- शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय एवं ईश्वर प्राणिधान।

यम और नियम के पश्चात् अष्टांग योग का तृतीय अंग है- आसन। आसन स्थिरसुखमासनम् ।

निश्चल सुखपूर्वक बैठने का नाम आसन है। साधक अपनी योग्यता के अनुसार जिस रीति से बिना हिले-डुले स्थिर-भाव से सुखपूर्वक बिना किसी पीड़ा के बहुत समय तक बैठ सके वही आसन उसके लिए उपयुक्त है। इसके अतिरिक्त जिस पर बैठकर साधन किया जाता है, उसका नाम भी आसन है। बैठते समय सिर, गला एवं रीढ़ की हड्डी ये तीनों शरीर के भाग सीधे और स्थिर हों।

## शब्द सामर्थ्य -082


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 081 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## सू- दोकू क्र. 082

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग हैं,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.081 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष

# विकसित भारत के संकल्प पथ पर बढ़ते कदम

(डॉ. राघवेन्द्र शर्मा-विभूति फीचर्स)



आजकल प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सभी प्लेटफार्मों पर मोदी सरकार के 11 सालों के कार्यकाल की समीक्षा हो रही है। सभी विषय विशेषज्ञ अपनी अपनी तरह से उनकी कार्यशैली और देश की वर्तमान स्थिति को विश्लेषित कर रहे हैं। यहां एक बात जो विशेष रूप से दिखाई देती है, वह यह है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 11 सालों के कार्यकाल की बात तो हो रही हैं, वह देश हित में कितना बेहतर कर पाए अथवा और क्या-क्या कर सकते थे इस बात पर भी चर्चा हो रही है, किंतु इस बात पर किसी का भी ध्यान नहीं गया कि श्री मोदी किन परिस्थितियों में देश के प्रधानमंत्री बने और अब किन हालातों में स्वयं को भारत का प्रधान सेवक मानकर कार्य कर रहे हैं। इसे समझने के लिए हमें उस कथानक पर गौर करना होगा, जिसके तहत गलत वातावरण में पले बढ़े एक बच्चे को एक योग्य विशेषज्ञ अथवा शिक्षक के पास ले जाया जाता है। शिक्षक से अपेक्षा की जाती है कि वह उक्त बालक को शारीरिक और बौद्धिक रूप से विकसित करे?, उसे सही दिशा दिखाए। सिखाने वाला इस चुनौती को स्वीकार भी करता है और अपने कर्तव्य के निर्वहन में जी लगाकर जुट जाता है। एक निश्चित समय बाद बच्चों के अभिभावकों को लगा कि अब तक तो बालक सर्वांगीण विकास को प्राप्त हो चुका होगा। लेकिन जैसे ही उनका गुरुकुल, गुरु और उस बच्चे से साक्षात्कार होता है तो अपेक्षित परिणाम देखने को नहीं मिलते। इस पर गुरु से सवाल किए जाते हैं कि हमने आपके ही आश्रम में इतने ही समय में अन्य बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से विकसित होते देखा है फिर हमारे बच्चे को क्या हुआ? यह क्यों विकास को प्राप्त नहीं हो पा रहा? क्या हमारा बच्चा भौतिक अथवा दैविक प्रतिकूलता का शिकार है या इसमें कोई जन्म जात कमी है ? क्या हम इसे पौष्टिक आहार नहीं देते देते? क्या यह किसी प्रकार के कुपोषण का शिकार है? इस पर गुरु का जवाब होता है बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है। इसमें कोई कमी नहीं है, ना ही इसका किसी भी प्रकार का दोष है। दोष है तो केवल उस परिवेश का जिसमें अभी तक यह रह रहा था। दरअसल मेरे गुरुकुल में बाकी जितने भी बच्चे आए उनके कच्चे मन में मैंने जो उत्कृष्ट विचार बीजारोपित करना था वह किया और मैं सफल भी रहा। सभी बच्चे सामान्य रूप से विकास को प्राप्त हो रहे हैं। लेकिन आपके बच्चे का दुर्भाग्य यह है कि वह लंबे समय तक गलत परिवेश में दिग्भ्रमित प्रशिक्षण को प्राप्त होता रहा। उसने वहां जो कुछ भी सीखा उसे अच्छी तरह से मन मस्तिष्क में बिठा लिया। अब समस्या यह है कि मुझे पहले इसके मन मस्तिष्क में गहरे तक पैठ चुके उन दूषित विचारों, स्मृतियों को विलोपित करने के लिए अतिरिक्त मेहनत करना पड़ रही है, जो इसे गलत परिवेश और अनुचित प्रशिक्षण से प्राप्त हुए थे। जब यह पुरानी गलत चीजों को अपनी स्मृतियों से हटा देगा तभी यह नई और सही चीजों को पूरी तरह से ग्रहण कर पाएगा?।

## राशिफल

**मेष** — आज भाग्य आपका साथ देगी। आज साझेदारी में किए गया काम फ़ायदा दिलाने वाला है, लेकिन इसी क्षेत्र से जुड़े लोगों से आज आपको काफी विरोध का सामना करना पड़ेगा। विवादों में उलझने से बचें। पुराने रोग से आज आपको राहत मिलेगी। विवाहितों का आज किसी बात को लेकर पार्टनर से मन-मुटाव हो सकता है। संगीत से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन अच्छा है। आज कोई पुराने मित्र से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे किसी काम में आपको मदद मिलेगी।

**वृषभ** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपके मन में कई तरह के विचार चलते रहेंगे। महत्वपूर्ण मामलों पर लोगों से बातचीत का मौका मिलेगा और आपको इसका फायदा भी होगा। इस राशि के विवाहित आज परिवार संग किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिये जा सकते हैं। स्टेशनरी से जुड़े व्यापारियों के हाथ से आज कोई बड़ा फायदा निकल सकता है, इसीलिए आज सतर्क रहकर काम करें। किसी से बात करते समय सरल और सहज भाषा का प्रयोग करें। आज आपका कोई मित्र या रिश्तेदार आपसे मिलने आपके घर आ सकते है।

**मिथुन** — आज आपका दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के लोग उधार लेने और देने से बचें। मित्रों के साथ अधिक समय व्यतीत करें क्योंकि उनके लिये आपके पास कुछ अच्छी खबर हो सकती है। जो आपके लिये फायदेमंद हो सकती है। इस राशि के लोगों को अपने बेहतर सेहत के लिए मीठे पर नियंत्रण रखना होगा। आज आप अपने मन को शांत ही रखें। आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आज आप अपने पार्टनर के साथ डिनर पर जाएंगे।

**कर्क** — आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में रहेगा। आज किसी नई रचना की शुरुआत करेंगे। आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। बिगड़ी हुई स्थिति में सुधार आयेगा। नई शुरुआत के लिए समय ठीक है। आप जो भी करेंगे, उसके साथ कुछ एक्स्ट्रा जिम्मेदारी भी मिलेगी। दूर का कोई करीबी आज आपसे मदद का मांग कर सकता है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। किसी नए कोर्स को ज्वॉइन करने के लिए आज का दिन शुभ है। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। आज मनोरंजन में पैसे खर्च हो सकते हैं, इससे आपको आनन्द की प्राप्ति होगी। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। आज आपको कई दिनों से रुके हुए काम में सफलता मिल सकती है। ऑफिस में किसी काम को लेकर धैर्य के साथ काम करेंगे। साथी को चॉकलेट गिफ्ट करने से उन्हें खुशी मिलेगी। स्वास्थ्य आज पहले से फिट रहेगा।

**कन्या** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। काम-धंधे में आज आपका मन लगेगा। अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन आज आपको पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है । किसी नयी जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें । आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं ।

**तुला** — आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। आज किसी नए व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है। अगर आप नई जमीन लेने की सोच रहे हैं तो आज खरीद सकते हैं । इससे आपको भविष्य में फायदा जरूर होगा। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए आज पिछली कंपनी का अनुभव आपके काम आ सकता है। उसका अच्छा परिणाम आपको जरूर मिलेगा। बॉस आज आपसे बहुत खुश रहने वाले हैं। आज कोर्ट-कचहरी के मामले से दूर रहें तो आपके लिए अच्छा होगा।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। लॉ के क्षेत्र से जुड़े स्टूडेंट्स आज अपने समय का सदुपयोग करें। कॉलेज से मिले प्रोजेक्ट को आज सीनियर्स की मदद से पूरा कर लीजिए वरना टीचर्स से आपको डांट पड़ सकती है। आज पेरेंट्स को अपने बच्चों के खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। इस राशि के कर्मचारियों के लिए आज दिन अच्छा है। ऑफिस के किसी काम में आ रही बाधाएं आज खत्म हो जाएंगी। विवाहित आज जीवनसाथी से कोई ऐसा वादा न करें जो वे पूरा न कर सकें।

**धनु** — आज आपकी नए कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठे में आसानी होगी। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। ऑफिस में आज एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम जल्दी पूरा हो जाएगा, जिससे खुश होकर बॉस आपकी पीठ थपथपा सकते हैं। बच्चों के करियर के लिए आप किसी से उधार ले सकते हैं। आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें। आज अपने बड़े-बुजुर्ग का आर्शीवाद लेकर नया बिजनेस शुरू करें तो फायदा होना तय है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए उत्तम है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम का विरोध करेंगे तो कुछ सहकर्मी आपके पक्ष में भी रहेंगे और कुछ सहकर्मी आपके विपक्ष में रहेंगे। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। स्टूडेंट को आज अपनी पढ़ाई में बदलाव करने के लिए टाइम-टेबल में बदलाव करने की जरूरत है। परिवार में पिछले जिस गलतियों की वजह से आपके रिश्ते ठीक नहीं चल रहे थे वो आज जीवनसाथी की मदद से ठीक हो जाएंगे। काली तिल को किसी धार्मिक स्थान पर दान करें तो आज आपकी आर्थिक स्थिति सही रहेगी।

**कुंभ** — अगर आप नौकरी कर रहें तो आज ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर हो सकता है, जहां से अप एंड डाउन करने में थोड़ी प्रॉब्लम होगी। पारिवारिक कामों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपका समय परिवार वालों के साथ अधिक बीतेगा साथ ही कहीं बाहर घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं । ऐसा करने से परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। आज कोई मित्र आपसे मिलने आ सकता है। मित्र से निजी समस्याओं को शेयर करने से मन का बोझ थोड़ा हलका होगा । सड़क पर चलते समय आप सतर्क रहें।

**मीन** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपको व्यापार में अचानक से धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है। इस राशि के लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना सकते हैं। घर से बाहर जाने से पहले आप जरूरी सामान जरूर ले जाएं। वकीलों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है । कोई जरूरी केस आज आपके पक्ष में रहेगा। शाम को परिवार के सदस्यों के साथ कुछ मीठा खाने से जीवन में मिठास बढ़ेगी। सोसाइटी में आज आपको पहले किए किसी सामाजिक कार्य के लिए सम्मान मिल सकता है। जरूरतमंदों को वस्त्र दान करें।

# नेताओं के बिगड़े बोल और मध्यप्रदेश भाजपा का पचमढ़ी प्रशिक्षण शिविर

(पवन वर्मा-विनायक फीचर्स)



मध्य प्रदेश भाजपा के कुछ नेता सार्वजनिक मंचों पर ऐसे बयान देते रहे हैं जो पार्टी की मर्यादा, अनुशासन और नीतियों के विरुद्ध जाते हैं। अनुशासन के लिए पहचानी जानी वाली भाजपा के लिए ऐसी स्थिति बहुत ही कठिन हो जाती है। नेताओं के बिगड़े बोल की समस्या को सुलझाने के लिए मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुलाया गया जो राजनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा में प्रशिक्षण शिविरों की पुरानी परम्परा रही है ,जिसका उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को पार्टी की विचारधारा, अनुशासन, कार्यशैली और जनसंवाद की मयार्दाओं का ज्ञान देना है। उसके नेता और कार्यकर्ता पार्टी लाइन से अलग हटकर कोई बयानबाजी न करें, इसकी सीख भी यहीं दी जाती है। इसके बाद भी पिछले कुछ महीनों से मध्य प्रदेश भाजपा के कुछ नेताओं के ऐसे बयान आए जिसने पार्टी की परंपरागत छवि को नुकसान पहुंचा है। अब इस संदर्भ में एक बड़ा प्रश्न यह उठता है कि क्या मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में संपन्न भाजपा विधायकों और सांसदों का प्रशिक्षण शिविर अमर्यादित और अनुशासनहीन बयानों पर अंकुश लगाने में सफल हो सकेगा।

**नेताओं के बिगड़े बोल से बिगड़ती राजनीति**

पिछले कुछ वर्षों में मध्य प्रदेश के कुछ भाजपा नेताओं द्वारा दिए गए बयान मीडिया की सुर्खियां बने रहे। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए आपत्तिजनक भाषा में, और संवेदनशील मुद्दों पर गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी करने वाले इन बयानों से भाजपा की छवि पर नकारात्मक असर पड़ा है। विपक्ष को हमले का अवसर मिला है और कभी-कभी पार्टी नेतृत्व को सार्वजनिक रूप से सफाई देनी पड़ी है। इसमें प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह और प्रह्लाद पटेल का नाम प्रमुखता से आता है।

**सुशासन-संगठन-संवाद**

पचमढ़ी में 14 से 16 जून तक आयोजित भाजपा का यह शिविर मूलत॰ 'सुशासन, संगठन और संवाद' जैसे मुद्दों पर केंद्रित रहा। लेकिन इसका एक मुख्य उद्देश्य नेताओं के व्यवहार और भाषा पर नियंत्रण की आवश्यकता भी दिखाई दिया। इस शिविर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी अपने अनुभव बताते हुए सांसदों और विधायकों को अनुशासन और मर्यादाओं में रहने का पाठ पढ़ाया।

**वरिष्ठ नेताओं की सीख**

- सार्वजनिक जीवन में भाषा संयमित और मर्यादित हो।
- मीडिया से बातचीत में तथ्यों पर आधारित वक्तव्य दिए जाएं।
- विपक्षी दलों की आलोचना नीतिगत हो, न कि व्यक्तिगत या अपमानजनक।
- समाज के सभी वर्गों के प्रति समभाव और समादर की भावना बनी रहे।
- बार-बार एक ही गलती न की जाए।




**कार्यकर्ताओं तक सकारात्मक असर**

भाजपा की पहचान एक अनुशासित कैडर आधारित पार्टी के रूप में रही है। प्रशिक्षण शिविरों में जब बार-बार अनुशासन, विचारधारा और संगठन के प्रति निष्ठा का पाठ पढ़ाया जाता है, तो इसका सकारात्मक असर नीचे तक महसूस होता है। भाजपा में ऐसे शिविर केवल ज्ञानवर्धन का मंच नहीं होते, बल्कि पार्टी अनुशासन को याद दिलाने और नेतृत्व से सीधे संवाद का अवसर भी प्रदान करते हैं। जब वरिष्ठ नेता खुद अनुशासन की बात करते हैं और उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, तो कार्यकर्ताओं और कनिष्ठ नेताओं पर उसका मनोवैज्ञानिक असर पड़ता है।

**...तब साबित होगा मील का पत्थर**

मध्य प्रदेश में भाजपा की स्थिति फिलहाल मजबूत है और डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार चल रही है। लेकिन स्थानीय नेताओं द्वारा समय-समय पर दिए गए बयान विवाद का कारण बनते रहते हैं। पचमढ़ी शिविर में इस बात को लेकर विशेष चिंता जताई गई और नेताओं से संयमित भाषा अपनाने की अपील की। मध्य प्रदेश भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण पार्टी की विचारधारा, अनुशासन और संगठनात्मक संरचना को मजबूत बनाने की दिशा में एक जरूरी कदम है। लेकिन यह कहना कि केवल इस शिविर से नेताओं के अमर्यादित बयानों पर पूर्ण नियंत्रण हो जाएगा, एक अतिश्योक्ति ही होगी। प्रशिक्षण शिविर एक शुरूआत है, लेकिन अनुशासन का पूर्ण नियंत्रण तभी संभव है जब पार्टी नेतृत्व सभी स्तरों पर समान रूप से सख्ती बरते, और हर नेता को यह अहसास हो कि वह केवल व्यक्ति नहीं, एक संस्था का प्रतिनिधित्व करता है। यदि इन बातों को गंभीरता से लागू किया गया, तो निश्चित ही यह प्रशिक्षण शिविर भाजपा को अधिक अनुशासित, मर्यादित और जनविश्वास से परिपूर्ण संगठन में बदलने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता हैं।

# कार्यालयीन कामकाज ई आफिस से करने का प्रमाण पत्र 23 जून तक दें : कमिश्नर

## अधिकारी भ्रमण के दौरान स्कूल, आंगनवाड़ी और छात्रावासों का निरीक्षण करें : कमिश्नर



**रीवा,कासं.।** कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि सभी अधिकारी कार्यालयीन कामकाज ई आफिस के माध्यम से करें। अब कमिश्नर कार्यालय में फाइलें केवल ई आफिस सिस्टम से ऑनलाइन भेजें। कोई भी फाइल अब हार्डकॉपी में स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग ई आफिस में ऑनबोर्ड होकर कार्यालय प्रमुख अधीनस्थ कार्यालय तथा विभिन्न शाखाओं से फाइलों का संचालन ई आफिस से ही करें। सभी संभागीय अधिकारी 23 जून को ई आफिस व्यवस्था लागू होने का प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र और छात्रावासों का निरीक्षण करके उनके सामान्य कामकाज की जानकारी लें। इनमें पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लेख करें।

कमिश्नर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों के साथ-साथ वृक्षारोपण भी किया जाना है। पर्यावरण को संतुलित रखने और भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण और वृक्षारोपण अनिवार्य है। शासकीय कार्यालय परिसरों में उपयुक्त स्थल पर एक पेड़ माँ के नाम योजना के तहत पौधे रोपित करें। रोपित पौधों की सुरक्षा के भी उचित प्रबंध करें। स्कूल चलें हम अभियान के तहत शाला जाने योग्य बच्चों का शत-प्रतिशत शाला प्रवेश सुनिश्चित करें। संयुक्त संचालक शिक्षा निःशुल्क पुस्तक वितरण तथा साइकिल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षकों का संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित कराएं। उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग धरती आबा आदर्श ग्राम योजना के तहत 30 जून तक लगाए जाने वाले शिविरों को प्रभावी बनाएं। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने तथा शासन की सभी योजनाओं का लाभ देने का प्रयास करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि आयुक्त नगर निगम तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहरी क्षेत्र के नालों की तत्काल सफाई कराएं। जल भराव वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन करके उनमें जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें। संभागीय यंत्री लोक निर्माण विभाग वर्षाकाल में जलमग्न होने वाले पुलों में आवश्यक संकेतक तथा बैरियर लगाएं। सड़कों और पुलों के सुधार का कार्य भी करें। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संभागीय प्रबंधक देवलौंद में सोन नदी के पुल में सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य शासन के निर्देशों के अनुरूप मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय करें। वर्षाजनित रोगों से बचाव के लिए भी सभी अस्पतालों में उचित व्यवस्था कराएं। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों तथा टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा की गई। बैठक में पेंशन प्रकरणों के निराकरण एवं कुपोषण को मिटाने के प्रयासों की भी समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह, एसडीओ वन विद्याभूषण मिश्रा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में वरहदी ग्राम वासियों ने शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हटाने का दिया आवेदन

### अनुसूचित जाति बस्ती मढ़ी धवैया को मुख्य सड़क से जोड़ने की स्थानीय जनों ने मांग की



**रीवा,कासं.।** जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय में विभिन्न विभागों से संबंधित 83 प्रकरणों की सुनवाई की गई। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में वरहदी ग्रामवासियों ने शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हटाकर पक्की सड़क निर्माण का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जबकि अनुसूचित जाति बस्ती मढ़ी धवैया को मेन रोड से जोड़ने के आवेदन पर तहसीलदार मनगवां को कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। कमलेन्द्र कुमार मानव करहिया, मुद्रिका प्रसाद बहेलिया निवासी गोविंदगढ़, गणेशिया निवासी रामपुरवा तथा बृजेन्द्रनाथ शुक्ला टटिहरा निवासी के सीमांकन एवं महेश प्रसाद तिवारी के विद्युत मंडल के अधिकारी द्वारा जबरन प्रकरण बनाने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिये गये। सुहानी कुशवाहा बाणसागर कालोनी रीवा के नामांतरण करने के आवेदन पर नायब तहसीलदार हुजूर को, गंगतीरा निवासी रामसजीवन के स्वामित्व भूमि से अवैध कब्जा हटाने के आवेदन को एसडीएम त्योंथर को तथा पहड़िया निवासी रामकुमार सिंह के बेदखली आदेश का पालन कराने के आवेदन को तहसीलदार गोविंदगढ़ को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार गया प्रसाद तिवारी लोही निवासी के अनुपयोगी जर्जर कूप को बंद करने के आवेदन को सीईओ जनपद रीवा को, गाढ़ा-137 निवासी रासुमेर कोल के जमीन से जबरन कब्जा कर घर बनाने के आवेदन को तहसीलदार जवा को तथा गुढ़ निवासी फूलमती साकेत के अवैध कब्जा कर मकान निर्माण करने पर रोक लगाये जाने के आवेदन को तहसीलदार गुढ़ को समाधानकारक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# रिषभ की अदभुत पारी के दम पर ग्वालियर की जीत का खुला खाता



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश लीग 2025 में ग्वालियर चीताज ने हार के सिलसिले को तोड़ते हुए पहली जीत हासिल कर ली है। ग्वालियर ने जबलपुर रॉयल लायंस को 15 रनों से हराया है। यह तीन मैचों में जबलपुर की दूसरी हार है। पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर ने रिषभ चौहान (93*) के दम पर 191 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में जबलपुर 176 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर ने केवल 29 के स्कोर पर अपने दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। पावरप्ले की समाप्ति तक उन्होंने तीन विकेट के नुकसान पर 54 रन बनाए थे। पार्थ साहनी और रिषभ ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाने की कोशिश की और चौथे विकेट के लिए दोनों ने 33 रनों की साझेदारी की। पार्थ के आउट होने के बाद रिषभ ने अकेले रन बनाने की जिम्मेदारी उठाई। ऋषभ ने अर्धशतक पूरा करने के बाद रन बनाने की गति तेज कर दी और बड़े शॉट्स लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने 47 गेंदों में नाबाद 93 रन बना दिए और अपनी पारी में छह छक्कों के साथ छह चौके भी लगाए। यदि उन्हें दूसरे छोर से थोड़ा और सहयोग मिला होता तो ग्वालियर बड़ी आसानी से 200 से अधिक का स्कोर बना लेती। जबलपुर के लिए रितेश शाक्य सबसे किफायती रहे जिन्होंने तीन ओवर में केवल 12 रन खर्च करते हुए एक विकेट भी हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जबलपुर ने भी पावरप्ले में ही दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, पहले छह ओवरों में उन्होंने 56 रन बनाए थे। तीसरे विकेट के लिए सिद्धार्थ पाटीदार और अभिषेक भंडारी के बीच हुई 79 रनों की साझेदारी ने जबलपुर की मैच में वापसी करा दी। पाटीदार 33 गेंदों में 44 रन बनाने के बाद 14वें ओवर में 122 के कुल योग पर आउट हुए। इसके थोड़ी ही देर बाद भंडारी भी 35 गेंदों में 53 रन बनाने के बाद आउट हुए। उस समय टीम का स्कोर 143 था। यहां से ग्वालियर की वापसी होनी शुरू हो चुकी थी। लगातार विकेट निकालते हुए ग्वालियर ने जबलपुर को अंतिम पांच ओवरों में कोई मौका नहीं दिया। ग्वालियर के लिए मंगेश यादव ने सबसे बेहतरीन गेंदबाजी की और चार ओवर में 23 रन खर्च करते हुए चार विकेट चटकाए।

# मिट्टी के पोषक तत्व और गुण बताता है मृदा स्वास्थ्य कार्ड

**रीवा,कासं.।** भारत सरकार द्वारा स्वाइल हेल्थ कार्ड यानी मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत किसान सिंचित क्षेत्र में 2.5 एकड़ तथा असिंचित क्षेत्र में 10 एकड़ क्षेत्र से मिट्टी का नमूना लेकर उसकी जाँच कराते हैं। यह जाँच कृषि विभाग द्वारा की जाती है। कृषि विभाग द्वारा मिट्टी के नमूने लिए जाने पर इसकी जाँच पूरी तरह से निःशुल्क रहती है। यदि किसान स्वयं सेंपल लेकर जाता है तो मिट्टी के नमूने की जाँच के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति के किसान को तीन रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसान को पाँच रुपए प्रति नमूना शुल्क देना होता है। मिट्टी में माइक्रो न्यूट्रेंट की जाँच कराने के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को 30 रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसानों को 40 रुपए शुल्क देना होता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसान को उसके खेती की मिट्टी के गुणों तथा पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को सांसद डॉ. मिश्रा ने 'विकसित भारत संकल्प-2047' पुस्तक भेंट की



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल को सांसद, सीधी डॉ. राजेश मिश्रा ने मंत्रालय भोपाल में ÷विकसित भारत संकल्प-2047÷ शीर्षक से प्रकाशित सेवा संकल्प के एक वर्ष पुस्तक की प्रति भेंट की। पुस्तक में सीधी संसदीय क्षेत्र में गत एक वर्ष के विकास कार्यों का विवरण है, जो ÷विकसित भारत÷ के संकल्प को साकार करने की दिशा में किए गए प्रयासों को प्रतिबिंबित करती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सांसद डॉ. मिश्रा के संकल्पबद्ध सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के ÷सशक्त भारत÷ के विजन को साकार करने राज्य सरकार और केंद्र सरकार एकजुट होकर प्रतिबद्ध प्रयास कर रही हैं।

## खेल/व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### सपाट पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 100 अंक टूटा, निफ्टी 24,935 पर

**मुंबई,ए.।** कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार लाल निशान पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 100 अंकों की गिरावट के साथ 81,695.39 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ 24,935.70 पर खुला कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 677 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 81,796.15 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.92 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 24,946.50 पर बंद हुआ. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन, हीरो मोटोकॉर्प, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सिप्ला के शेयरों में 3 फीसदी तक की तेजी आई. कारोबार के दौरान निफ्टी पर एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि टाटा मोटर्स, डॉ रेड्डीज लैब्स, सन फार्मा, अदानी पोर्ट्स, जियो फाइनेंशियल के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे. सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में कारोबार किए, जिसमें कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल, आईटी, रियल्टी, एफएमसीजी 0.4-1 फीसदी उछाल आया. बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.6 फीसदी ऊपर रहे, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स सपाट पर बंद हुआ. इजरायल-ईरान संघर्ष के बढ़ने से दो दिन की गिरावट के बाद सोमवार को एशियाई बाजारों में बढ़त और घरेलू अस्थिरता में कमी के कारण बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक में उछाल आया।

### एयरपोर्ट यूनिट का आईपीओ लाने की तैयारी में अडाणी समूह, निवेशकों की लगी लाइन

**मुंबई, ए.।** गौतम अडाणी भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं. अब अडाणी भी आईपीओ की दौड़ में शामिल होने की योजना बना रहे हैं. ब्लूमबर्ग की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार अडाणी समूह 2027 तक अपनी एयरपोर्ट यूनिट के लिए आईपीओ की योजना बना रहा है. यह एक विकास रणनीति का एक हिस्सा है, जिसमें आने वाले वर्षों में अलग-अलग बिजनेस में 100 बिलियन डॉलर का निवेश करना शामिल है. भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की एयरपोर्ट ऑपरेटर अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स का डिमर्जर और लिस्टिंग मार्च 2027 तक होने की उम्मीद है. अडाणी समूह के अधिकारियों ने ब्लूमबर्ग को बताया है. अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स का स्वामित्व फिलहाल अडाणी एंटरप्राइजेज के पास है और यह आठ भारतीय हवाई अड्डों का संचालन करती है. कुछ महीनों में कंपनी मुंबई के बाहरी इलाके में एक नया टर्मिनल खोलेगी. इसके अलावा अडाणी समूह ने पूंजीगत खर्च की गति को तेज कर दिया है और अगले पांच से छह वर्षों में 100 बिलियन डॉलर खर्च करने का इरादा रखता है, जबकि पहले इसे एक दशक में खर्च करने की योजना थी. पूंजीगत खर्च का यूज ऊर्जा, रसद और बुनियादी ढांचा बिजनेस को बढ़ाने के लिए किया जाएगा. तेज निवेश और लिस्टिंग योजना से संकेत मिलता है कि समूह पैसे जुटाने और तेजी से विस्तार के चरण में लौट रहा है।

### अब सिर्फ 10 से 15 सेकंड में होगा यूपीआई पेमेंट, लागू हुआ नया नियम

**नई दिल्ली,ए.।** यूपीआई ट्रांजेक्शन और तेज हो गए हैं. नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने अब आदेश दिया है कि यूपीआई पेमेंट के लिए एड्रेस वेरिफिकेशन 10 सेकंड के भीतर पूरा हो जाना चाहिए. यूपीआई एक रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम है जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए इंटर-बैंक ट्रांजेक्शन को आसान बनाने के लिए विकसित किया है। एनपीसीआई की ओर से जारी सर्कुलर के मुताबिक, मनी ट्रांसफर, स्टेटस चेक, रिवर्सल समेत सभी ट्रांजेक्शन अब 10 से 15 सेकंड में पूरे हो जाएंगे. पहले यह समय 30 सेकंड था। सोमवार से लागू हो गया है।

# नीदरलैंड और नेपाल मैच में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

### -टी20 क्रिकेट के इतिहास में पहली बार हुए 3 सुपर ओवर, नीदरलैंड बना विनर



**नई दिल्ली,ए.।** नीदरलैंड और नेपाल के बीच सोमवार को टी20 ट्राई सीरीज का दूसरा मैच खेला गया. इस दौरान इन दोनों टीमों में इतिहास रच दिया. इन दोनों ने वो कर दिखाया जो आज तक क्रिकेट के इतिहास में नहीं हुआ है।

इस मैच में नीदरलैंड और नेपाल के बीच 3 सुपर ओवर खेले गए. उसके बाद जाकर इस मैच का रिजल्ट निकला है. इसके साथ ही पुरुष क्रिकेट में एक मैच में 3 सुपर ओवर होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बन गए हैं. इस ट्राई सीरीज की तीसरी टीम स्कॉटलैंड हैं. नीदरलैंड और नेपाल के बीच खेले गए दूसरे टी20 मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 152 बार रन बनाए. इसके बाद नेपाल की टीम भी 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 152 रन बना पाई और मैच बराबरी पर छूट गया. इसके बाद मैच का रिजल्ट पाने के लिए सुपर ओवर कराया गया. नेपाल ने पहले सुपर ओवर में पहले खेलते हुए बिना कोई विकेट खोए 19 रन बनाए. नेपाल के लिए इसके बाद नीदरलैंड ने भी बिना कोई विकेट गंवाए 19 रन बनाए. नेपाल के लिए कुशाल भुर्टेल ने दो छक्के और एक चौका लगाया और 18 रन बनाए. इसके जवाब में माइकल लेविट ने पहली गेंद पर छक्का लगाया और 6 रन बनाए. जबकि मैक्स ओ'डॉड ने आखिरी दो गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर कुल 12 रन बनाए. इस मैच के दूसरे सुपर ओवर में नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट के नुकसान पर 1 विकेट खोकर 17 रन बनाए. नेपाल ने बिना कोई विकेट खोए 17 रन बनाकर मैच को तीसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया. नीदर्लैंड के लिए कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 6 छक्के के साथ 9 रन बनाए. मैक्स ओ डॉड ने 6 छक्के की मदद से 7 रन बनाए. नीदरलैंड के लिए दीपेन्द्र सिंह ऐरी 10 और कप्तान रोहित पौडेल ने 7 रन बनाए. नेपाल ने तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए कोई रन नहीं बनाया. नेपाल ने शून्य के स्कोर पर अपने दोनों विकेट खो दिए. दीपेन्द्र सिंह ऐरी 0, रोहित पौडेल 0 और रूपेस सिंह 0 के स्कोर पर पवेलियन लौट गए. नीदरलैंड के लिए माइकल लेविट ने 6 रन बनाकर मैच में अपनी टीम को जीत दिला दी।

# रविचंद्रन अश्विन और डिंडीगुल ड्रैगन्स बॉल-टैम्परिंग के आरोपों से बरी

**नई दिल्ली,ए.।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और उनकी तमिलनाडु प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी डिंडीगुल ड्रैगन्स बॉल-टैम्परिंग के आरोपों से बरी हो गई है. उन्हें औपचारिक रूप से उनके खिलाफ आरोपों से बरी कर दिया गया है. शनिवार को 9 विकेट से हारने के बाद सीकेम मदुरै पैंथर्स ने फ्रेंचाइजी के खिलाफ आरोप लगाए थे. तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जांच के बाद आरोपों को बरी कर दिया गया. ड्रैगन पर आरोप था कि उन्होंने केमिकल युक्त तौलिये का इस्तेमाल करके बॉल से छेड़छाड़ की. एक आधिकारिक बयान में, टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने कहा कि दावे अटकलें थे और बॉल टैम्परिंग के आरोपों को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला. टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने एक बयान में कहा, जिन तौलियों पर सवाल उठाए गए हैं, वे टीएनसीए द्वारा जारी किए गए थे और दोनों टीमों के लिए समान रूप से उपलब्ध थे. प्लेइंग कंट्रोल टीम-जिसमें अंपायर और मैच रेफरी शामिल थे- ने पूरे मैच के दौरान गेंद पर पूरी निगरानी रखी. खेल के दौरान कोई चिंता नहीं जताई गई और कोई सत्यापन योग्य सबूत भी नहीं दिया गया. ये दावे काल्पनिक और बाद में किए गए लगते हैं . टीएनसीए के अनुसार, तौलियों का इस्तेमाल अंपायर की निगरानी में किया गया था और इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती. हालांकि, अगर पैंथर्स 17 जून को दोपहर 3 बजे तक विश्वसनीय सबूत पेश कर सके तो शासी निकाय ने स्वतंत्र जांच की संभावना को अनुमति दी है. बता दें कि, ड्रैगन्स के कप्तान अश्विन ने 27 रन देकर 4 विकेट लिए लेकिन क्रीज पर रहने के दौरान 27 गेंदों पर 49 रन बनाकर बल्ले से अहम योगदान दिया. टीम ने अश्विन और शिवम सिंह (नाबाद 86) के बीच 66 गेंदों पर 124 रनों की ओपनिंग साझेदारी की बदौलत 150 रनों का लक्ष्य सिर्फ 12.3 ओवर में हासिल कर लिया. डीटी चंद्रशेखर और जी पेरियासामी ने ड्रैगन्स के लिए दो-दो विकेट लिए।

# 5 गेंद पर 5 विकेट लेकर दिग्वेश राठी ने मचाई तबाही

### -वायरल वीडियो देख संजीव गोयनका हुए खुश

**नई दिल्ली,ए.।** आईपीएल 2025 से चर्चाओं में आए युवा भारतीय लेग स्पिनर दिग्वेश राठी ने एक बार फिर गेंद के साथ धमाल मचा दिया है. उन्होंने एक लोकल लीग के टी20 मैच में गेंद के साथ कहर बरपाते हुए 5 बॉल में 5 विकेट अपने नाम किए. इसके साथ ही उन्होंने इस मैच में कुल 7 विकेट अपने नाम कर डाले जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में दिग्वेश राठी एक के बाद एक बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखा रहे हैं. दिग्वेश की गुगली, फ्लिपर और लेग स्पिन को बल्लेबाज पढ़ नहीं पा रहे हैं. इसके चलते उन्हें इस मैच में कुल 7 विकेट हासिल हुए. उनके इस प्रदर्शन से आईपीएल के उनके मालिक संजीव गोयनका भी काफी खुश नजर आ रहे हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर दिग्वेश का वीडियो शेयर करते हुए पोस्ट किया है। लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, दिग्वेश राठी द्वारा स्थानीय टी20 मैच में 5 में से 5 विकेट लेने की यह क्लिप देखी. यह उनकी प्रतिभा की एक झलक है जिसने उन्हें आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एक ब्रेकआउट स्टार बना दिया। आपको बता दें कि संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2025 की नीलामी में दिग्वेश राठी को खरीदा था. उन्होंने आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत की कप्तानी में खेलते हुए 13 मैच में 14 विकेट हासिल किए थे।

# आरसीबी को पहला खिताब जीताकर सोफी डिवाइन ने रचा था इतिहास

### -अब दिग्गज खिलाड़ी ने किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली,ए.।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फैंस के लिए चौंकाने वाली खबर सामने आई है. महिला प्रीमियर लीग 2024 की ट्रॉफी उठाने वाली आरसीबी की पहली खिताब जीत में टीम का हिस्सा रहीं सोफी डिवाइन ने संन्यास का ऐलान कर दिया है। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन, जिन्होंने पिछले साल न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के लिए पहली बार टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 कप्तानी छोड़ दी थी, अब वनडे से संन्यास लेने वाली हैं. इस साल के अंत में भारत और श्रीलंका में होने वाला महिला विश्व कप 2025 उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। सोफी डिवाइन, जो आगामी सितंबर में 36 साल की हो जाएंगी ने व्हाइट फर्न्स द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए खेल से दूर जाने का सही समय आ गया है. मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं कि मुझे न्यूजीलैंड क्रिकेट का सपोर्ट मिला है, जिसका मतलब है कि मैं अभी भी व्हाइट फर्न्स को कुछ दे सकती हूं. यह महत्वपूर्ण है कि हर कोई जानता हो कि मैं इस ग्रुप को अपना सब कुछ देने के लिए केंद्रित और समर्पित हूं, इससे पहले कि मैं हटूं ।

डिवाइन ने कहा, मैं इस युवा टीम की प्रगति से बहुत उत्साहित हूं और मैं अगले छह से नौ महीनों में अपनी भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूं. उन्होंने उल्लेख किया कि यह फैसला काफी समय में लिया गया है और यह हल्के में नहीं लिया गया है और इसके पीछे काफी सोच-विचार किया गया है.

बता दें कि, डिवाइन150 या उससे अधिक वनडे खेलने वाली 9 महिला क्रिकेटरों में से एक हैं. वनडे क्रिकेट में वह 4000 रन के आंकड़े के करीब हैं और उनमें से 49 मैचों में वे न्यूजीलैंड का नेतृत्व कर चुकी हैं।

डिवाइन ने इस वीडियो के जरिए साफ किया है कि वे न्यूजीलैंड के लिए टी20आई में खेलना जारी रखेंगी. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अगले साल दुनिया में महिलाओं की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 में हिस्सा लेंगी या नहीं।

दाएं हाथ की स्टार ऑलराउंडर सोफी डिवाइन ने अभी तक महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया है. 2023 में लीग की शुरुआत से ही वह आरसीबी का हिस्सा रही हैं. इस दौरान उन्होंने 18 मैचों में 402 रन बनाए हैं और 9 विकेट हासिल किए हैं. वह डब्ल्यूपीएल 2024 के खिताब को जीतने वाली आरसीबी टीम का हिस्सा रही हैं।

# सड़क पर गड्ढे खोदकर सड़क पर फैली मिट्टी

## चिकनी मिट्टी से गिरकर चोटिल हो रहे लोग

## लोगों ने एकराय होकर डीएम को भेजा ज्ञापन



**ललितपुर।** इन दिनों शहर भर में बिछाई जा रहीं पेयजल पाइप लाइनों से सड़कों की खराब होती हालत से लोगों में भारी परेशानियां व्याप्त हैं। यहां पाइप लाइन डाले जाने के बाद से गड्ढे से निकली मिट्टी को नहीं हटाया गया है, जिससे लोग आये दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। नौबत तो यहां तक आ पड़ी है कि अब ठेकेदार की लापरवाही को लोगों को किसी अप्रिय घटना का संकेत बता दिया है। इस सम्बन्ध में मंगलवार को मोहल्ला तालाबपुरा स्थित विदुआ कालोनी के लोगों ने एकराय होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि विदुआ कालोनी में पिछले दो माह से पाइप लाइन डालने के कारण सड़क अस्त-व्यस्त पड़ा है। यहां के लोग अपने घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इतना ही नहीं सड़क खोदने के बाद निकली काली मिट्टी जो कि काफी चिकनी है, पर लोग फिसल कर प्रतिदिन चोटिल हो रहे हैं। बताया कि दो माह से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, अधिशाषी अधिकारी, जल निगम के इंजीनियरों, अवर अभियंता से कहने के बावजूद मात्र आश्वासन दिया जा रहा है, काम कोई नहीं कर रहा है। बताया कि पाइप लाइन डालने के बाद और बारिश होने के कारण यहां के लोग काफी परेशान हैं और महिलाएं मंदिर तक नहीं जा पा रही हैं। ऐसी स्थिति में लोगों ने जिलाधिकारी से सड़क को साफ कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय पार्षद रामकिंकर पटैरिया के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# कला साधकों ने चित्रण किया मैथिली का शुक-प्रेम

## पेन्टिंग विद् आयल कलर्स विशिष्ट कला शिविर में सीख रहे है तैल चित्र कौशल एवं बारीकियां



**ललितपुर।** सिद्धन रोड स्थित कला भवन में कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा आयोजित विशिष्ट कला शिविर 25 मई से पेन्टिग विद् आयल कलर्स में कला साधक तैल कला कौशल एवं उसमें प्रयोग की जाने वाली विधा के बारीकियां सीख रहे है। आधुनिक काल में चित्रकला में वाटर कलर की अपेक्षा तैल चित्र बनाने का अत्यधिक प्रचलन बढ़ गया है, क्योंकि ये चित्र लम्बे तक मूल रूप में बने रहते हैं।

व्यवसायिक कला में भी तैल चित्रण का प्रचुर मात्रा में प्रयोग होता है। बिरथरे ने बताया कि उच्च स्तरीय शिविर वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है। इस निशुल्क शिक्षण में कला साधकों की रचनात्मक कल्पनाशीलता एवं कला प्रतिभा का अधिकतम उपयोग किया जाता है। शिविर में प्रथम चरण में जो कि किसी गम्भीर विषय पर चित्रण किया जाता, उसके अंतर्गत कला साधकों ने पौराणिक कथा के आधार पर मैथिली का शुक-प्रेम विषय पर तैल चित्र बनाये हैं। कला के दूसरे चरण में प्रकृति चित्रण पर विभिन्न तरह के प्रयोग किये गये हैं। वर्तमान में बुन्देली लोककला के अंतर्गत लोक विषय अगवानी पर कार्य चल रहा है, जो कि समापन के पूर्व पूर्ण हो जायेगा। मैथिली का शुक-प्रेम सीताजी के बचपन की एक कथा पर आधारित है।

# प्रशिक्षार्थियों ने उठायी अनुदेशक का स्थानान्तरण रूकवाने की मांग



**ललितपुर।** आईटीआई अनुदेशक का स्थानांतरण रूकवाने की मांग को लेकर प्रशिक्षार्थियों ने एकजुट होकर जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। पत्र में प्रशिक्षार्थियों ने बताया कि आईटीआई में तैनात अनुदेशक गीतेश्वर कुमार का स्थानान्तरण बिना किसी कारण के आईटीआई फतेहपुर के चौरासी गांव उन्नाव कर दिया गया है। बताया कि सभी प्रशिक्षार्थी प्रथम वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।


परीक्षा भी नजदीक होने के कारण अनुदेशक का स्थानान्तरण होने से शिक्षण कार्य करने में असुविधा होगी। इसलिए प्रशिक्षार्थियों ने जिलाधिकारी से प्रकरण में हस्तक्षेप करते हुये अनुदेशक का स्थानान्तरण रूकवाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय प्रशिक्षार्थियों में राधिका राजपूत, संजना यादव, वैशाली राजा, अदिति ढिमोले, अंकिता, अंजू सेन, अंजली साहू, राज, सोहित यादव, अंशुल कुशवाहा, सौरभ, नीलेश राजपूत, दीपक राजपूत, अभिषेक ठाकुर, अभिषेक राजपूत, प्रताप सिंह के अलावा अनेकों प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।



## जिम हॉल का निर्माण/बाउण्ड्रीवाल के उच्चीकरण व अन्य कार्य का हुआ भूमिपूजन

**ललितपुर।** खेल अनुभाग एवं खेल निदेशालय उ.प्र. के निर्णयानुसार जनपद के स्पोर्ट्स स्टेडियम पर खेल व खिलाड़ियों के सर्वांगीर्ण विकासार्थ व जनमानस में स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाए जाने के उद्देश्य से बहुप्रतीक्षित जिम हॉल का निर्माण/बाउण्ड्रीवाल के उच्चीकरण व अन्य कार्य का भूमिपूजन 17 जून 2025 की पूर्वाह्न में संयुक्त रूप से राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा किया। इस निर्माण कार्य का कार्यदायी संस्था उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद द्वारा कराया जा रहा है। अन्त में क्रीड़ा अधिकारी व सहायक अभियन्ता ने संयुक्त रूप से आभार जताया। इस दौरान जेई अनूप कुमार, राजेश कुमार लिटौरिया, अरविन्द कुमार गुप्ता, रविन्द्र सिंह, रामकुमार रिछारिया, एथलेटिक्स प्रशिक्षक रविन्द्र कुमार, अजरूद्दीन, अंकुर सहरावत, वरिष्ठ खिलाड़ी व जिला खेल कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सौंदर्य चिकित्सा की चौथी ब्रांच का शुभारम्भ



**ललितपुर।** सौंदर्य चिकित्सा के क्षेत्र में ऐस्थेटिक व डेंटल विशेषज्ञ डा.मधुरिमा नायक ने एमएन जीवनी ऐस्थेटिक क्लीनिक की चौथी ब्रांच का शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि झांसी, जालौन और लखनऊ में के अलावा अब ललितपुर में भी सुविधाएं मिल सकेंगी। बताया कि इस क्लिनिक की एक विशेष बात यह है कि इसमें एक अन्य व्यक्ति जीत राय साझेदार के रूप में जुड़े हैं। यहां अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ की टीम की मदद से स्किन केयर, हेयर ट्रीटमेंट, पिग्मेंटेशन, एंटी-एजिंग, वेट मैनेजमेंट, ब्यूटी एन्हांसमेंट और वेलनेस से जुड़ी तमाम सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

डा.मधुरिमा का मानना है कि सौंदर्य सिर्फ चेहरा नहीं, आत्मविश्वास है। कहा कि छोटे शहरों के लोग भी बड़े शहरों जैसी बेहतरीन सेवाओं का लाभ उठा सकें। डा.मधुरिमा ने बताया कि चौथी ब्रांच एमएन जीवनी ऐस्थेटिक क्लीनिक का शुभारम्भ किया गया है।

## जुगपुरा में पंगत के दौरान मारपीट, ईंट मारकर किया घायल

**ललितपुर।** ग्राम डोंगराकलां निवासी रेखा पत्नी बाबूलाल ने ललितपुर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 10 जून को वह अपनी बहन शहर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी राजाबेटी पत्नी मूलचंद्र के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए आयी थी। यहां मोहल्ला जुगपुरा में खाना चल रहा था, तभी उसका पति बाबूलाल, ग्राम साढूमल निवासी बहनोई रेवाराम, पंचलाल, ग्राम जलंधर निवासी रामस्वरूप एकराय होकर आये और गालियां दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठियों से मारपीट कर दी।

# संक्षिप्त समाचार

## रास्ते में रोककर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** कस्बा महरौनी में मोहल्ला परमहंस कुटिया के पास रहने वाले गौरव कुशवाहा पुत्र विश्वनाथ ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते मंगलवार को रात करीब 10.10 बजे वह अपने घर की ओर जा रहा था। तभी खेमचंद्र कुशवाहा पुत्र सुजान, राजेन्द्र कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, रवि कुशवाहा ने उसे रोक लिया और गालियां देते हुये मारपीट कर दी। इस हमले में उसे सिर में चोट आयीं। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## जल निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग

**ललितपुर।** देवगढ़ रोड स्थित डा.अम्बेड़कर नगर में जल निकासी न होने के कारण सड़क पर कीचड़ एकत्र हो गया है, जिससे लोगों को निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि यहां जल निकासी के लिए नाली बनाये जाने की मांग पूर्व में भी की जा चुकी है, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी से मांग उठायी है कि यहां पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कराया जाये। ज्ञापन देते समय नीतू, रज्जो, देवी, ललिता देवी, सखी, ममता, अभिषेक, आदित्य, चुन्नीलाल अहिरवार, रेनका, आरती, फूलबाई, नर्वदा, ललिता के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## पैमाइश होने के बाद धमका रहे विपक्षी

**ललितपुर।** तालबेहट से पूराकलां मार्ग पर ग्राम सभा खांदी में डीजीपीएस के माध्यम से विगत दिनों विवादित जमीन की करायी गयी पैमाइश के बाद अब दबंगों द्वारा धमकाये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में खांदी निवासी सौरभ चौबे पुत्र स्व.सुरेश चौबे ने पुलिस अधीक्षक को भेजे शिकायती पत्र में आरोप है कि राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गयी पैमाइश के बाद विपक्षियों द्वारा लगातार गालियां देते हुये धमकाया जा रहा है। बताया गया है कि विगत दिनों पूराकलां मार्ग पर गडलयाना के पास एक जमीन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गये थे, जिनके बीच लम्बे समय से विवाद की स्थिति बनी हुयी थी। दोनों पक्ष उक्त जमीन पर अपना दावा करते हुये पूर्व में भी पैमाइश करा चुके हैं। बावजूद इसके दोनों पक्ष हुयी पैमाइश को गलत बताते हुये मामले को किसी निर्णायक स्थिति में नहीं पहुंचने दे रहे थे। प्रशासन ने इस जमीन की पैमाइश के लिए निगरानी समिति बनाकर पुलिस बल तैनात किया और विगत दिनों राजस्व टीम की मदद से इस जमीन की पैमाइश हो गयी। अब सौरभ चौबे का आरोप है कि दूसरे पक्ष की ओर से करीब आधा दर्जन लोग उसे गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने मामले में पुलिस अधीक्षक से जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## महिला ने लगाए मानसिक व शारीरिक प्रताडऩा के आरोप

**ललितपुर।** गोविन्दनगर स्थित कांशीराम आवास कालोनी के ब्लाक नं. सात में रहने वाली रिहाना खातून पुत्री इस्तयाक खां ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में बताया कि उसका निकाह 7 मई 2023 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार गोविन्दनगर के टेल्को के पास रहने वाले शाहरूख खान पुत्र अमजद खान के साथ सम्पन्न हुआ था। शादी के बाद उसे मानसिक व शारीरिक यातनाएं दी जाने लगी। प्रताडऩा से आजिज आकर उसने प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय में पति के खिलाफ मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम की धारा 2 (1) के तहत याचिका दायर की थी, जो कि न्यायालय में विचाराधीन है। आगे बताया कि 14 जून को शाम करीब 7 बजे शाहरूख खान अपने पिता अमजद खान, मां रिहाना बानो, भाई जीशान के साथ आये और उसके साथ गालियां देते हुये तलाक का मुकद्दमा करने पर धमकाया। पीड़िता के अनुसार उसे रात करीब 12 बजे तक बंधन बनाये रखा और उसने किसी तरह से डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस आयी और जानकारी कर चली गयी। पुलिस के जाने के बाद ससुरालियों ने मुकद्दमा वापस लेने की बात कहते हुये धमकाया और जान से मार कर फेंक देने की धमकी दी।

# सीएम डैशबोर्ड पर प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को मिला आठवां स्थान

## चार विभागों की प्रगति खराब, डी श्रेणी में रहे शामिल

## प्रगति में सुधार न हुआ तो कार्यवाही के लिए तैयार रहें अधिकारी : सीडीओ



**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के प्रमुख अधिकारियों के साथ मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड के अन्तर्गत माह मई 2025 में विभिन्न विभागों, योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें खराब प्रगति वाले विभागों को अगले माह तक प्रगति में अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिये गए। समीक्षा के दौरान प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को राजस्व एवं विकास कार्यों में 8वां स्थान मिला है, जबकि जनपद के 4 विभागों की रैंकिंग खराब पायी गई, ये विभाग प्रदेश की रैंकिंग में डी श्रेणी में हैं, इनमें ग्राम्य विकास विभाग-डे एनआरएलएन बैंक क्रेडिट लिंकेज, नियोजन विभाग-फैमिली आईडी, प्राथमिक शिक्षा-मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम-ओडीओपी टूलकिट योजना आदि शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यालयाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग खराब न हो, इसके लिए पोर्टल पर सही फीडिंग करायें और प्रगति सुधारें, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। ग्राम विकास विभाग की समीक्षा के दौरान के अधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि 25 तारीख तक स्थिति नहीं सुधरी तो सम्बंधित डीएमएम के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। नियोजन विभाग के तहत फैमिली आईडी की समीक्षा में डीपीआरओ व जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये गए कि ग्राम पंचायत स्तर पर क्षेत्रीय कर्मचारियों को लक्ष्य आवंटित कर फैमिली आइडी बनवाना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा सभी जनपद स्तरीय विभाग अपने स्थानीय कर्मचारियों की फैमिली आईडी बनवायेंगे। पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पर्यटक अधिकारी का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। बैठक में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीपीआरओ नवीन मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह, डीआईओएस ओपी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# योगाभ्यास के साथ शुरू किया गया अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह



**ललितपुर।** युवा भारत योग समिति, शैडो ग्रुप, पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान के संयुक्त तत्वाधान में चंद्रशेखर आजाद पार्क में योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को दृष्टिगत रखते हुए योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसमें सप्ताह के पहले दिन युवा भारत योग समिति के जिला प्रभारी योगाचार्य मुकेश साहू एड. द्वारा प्रोटोकॉल के तहत योग अभ्यास कराया और बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को दैनिक क्रियाएं का हिस्सा बनाना चाहिए योग के लिए क्योंकि स्वस्थ रहने के लिए योग करना अति आवश्यक है।

योग अभ्यास में कपालभाति प्राणायाम अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, मर्कटासन, धनुरासन योग अभ्यास कराया। इस दौरान योगाचार्य मुकेश साहू एड., अरविंद जैन, योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी, योग शिक्षक अशोक सेन, सहयोगी शिक्षक परशुराम साहू, प्रकाशचंद साहू एड., अंतिम जैन, अखिलेश जैन, अनूप जैन, डा.अभिषेक चतुर्वेदी, अक्षय गौतम एड., श्यामलाल साहू, कमल कुमार, फूलसिंह अमीन, रूपेंद्र राठौर, श्रीराम समाधिया, देशप्रेमी प्रेमशंकर गुप्ता, सुरेंद्र जैन, रामकिशोर रजक, उदयभान सिंह, अजित नापित, हरि सोनी, प्रीति शुक्ला, श्रद्धा सोनी, नीतू ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# नगर निगम राजस्व विभाग की वेबसाइट अपडेट नहीं होने से करदाताओं को टैक्स पटाने में हो रही परेशानी

**रायपुर,कासं.।** रायपुर नगर निगम में राजस्व विभाग की बेवसाइट अपडेट नहीं होने के कारण इन दिनों करदाताओं को बाजार विभाग से संबंधित कर एवं गोमास्ता लाइसेंस सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहे है। पिछले दो माह से नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में कामकाज प्रभावित है। नगर निगम जोन कार्यालयों में स्थित ग्राहक सेवा केंद्रों में भी पदस्थ कर्मियों द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी करदाताओं को प्रदाय नहीं की जा रही है। इस संबंध में राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक एमआर धीवर एवं सहायक राजस्व निरीक्षक महेंद्र वर्मा से प्रतिनिधि द्वारा इस संबंध में अनेकोंबार पूछताछ की गई। दोनों अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि ऊपर से आदेश नहीं है इसके साथ केवल नगर निगम जोन कार्यालय 4 में नहीं अपितु किसी भी जोन कार्यालय में गोमास्ता लाइसेंस एवं अन्य कार्य नहीं हो रहे हैं। इस संबंध में प्रतिनिधि द्वारा पिछले दो माह में अपने संस्थान से संबंधित गोमास्ता लाइसेंस बनवाने के लिए कम से कम दस बाहर बार जोन कार्यालय में जाकर इन दोनों अधिकारियों से पूछताछ की गई किंतु हर बार अनिश्चित जवाब मिला है। जोन कार्यालय क्रमांक चार सहित समस्त जोन कार्यालयों में कामकाज प्रभावित होने पर करदाताओं में बेहद आक्रोश है। करदाताओं ने महापौर मीनल चौबे एवं नगर निगम आयुक्त से राजस्व विभाग के वेबसाइट तत्काल अपडेट करवा रेसिडेंसियल एवं कामर्शियल गोमास्ता लाइसेंस बनवाने के लिए जोन आयुक्तों को तत्काल निर्देश देने की मांग की है।

## सूने मकान से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर,कासं.।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित हजारों रुपए के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया लता शर्मा 54 वर्ष सेक्टर 3 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित कागजात पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 85 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## भतीजे पर मारपीट करने का आरोप

**रायपुर,कासं.।** समीपवर्ती ग्राम रजवारा निवासी रल्ली पुत्र लम्पू अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि रविवार को वह अपने कुआ पर बैठा हुआ था। तभी उसका भतीजा तिज्जू पुत्र गोविन्ददास आया और उसके साथ बिना कारण गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर दी गयी। जिससे उसके शरीर में अंधरूनी चोटें आयीं। आरोप है कि तिज्जू उससे आये दिन शराब पीने, जुआ खेलने के लिए रुपयों की मांग करता है और विरोध करने पर मारपीट कर देता है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तिज्जू के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पातालकोट एक्सप्रेस से मोबाइल फोन चोरी

**रायपुर,कासं.।** रेलवे कालोनी टीआरडी ऑफिस के पास रहने वाले निशार अहमद पुत्र अमीर बक्श ने जीआरपी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह ट्रेन संख्या 20423 पातालकोट एक्सप्रेस के जनरल कोच में विगत 14 जून को भोपाल की यात्रा कर रहा था। रेलवे स्टेशन भोपाल पर उसके पास मोबाइल था, जब उसने बीना रेलवे स्टेशन के पास मोबाइल फोन चेक किया तो उसकी जेब से फोन गायब था। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर,कासं.।** आरंग और नेवरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 140 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने ग्राम गुल्लु में दबिश देकर मोटरसाइकिल से अवैध शराब तस्करी करते आरोपी मुकेश कुमार जांगड़े को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 60 पाव देशी शराब जब्त किया है।

# नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए सीएम हेल्पलाइन के निराकरण गंभीरता से नहीं करने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने एवं ई केवायसी की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तेज गति से ईकेवायसी का कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण दो दिवस में करायें। इसके साथ ही जिन अधिकारियों का निराकरण 20 प्रतिशत से कम है उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि बरसात के दौरान कहीं भी जलभराव न हो इसके लिए अभी से जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही करें तथा सात दिवस में आवश्यक कार्यवाही करें एवं जिन नालों पर अतिक्रमण है और अतिक्रमण के कारण जल बहाव में अवरोध होता है तो सात दिवस में अतिक्रमण हटायें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। बैठक में सार्थक एप पर चर्चा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों को सात दिवस में सार्थक एप पर पंजीयन हो जाए। इसके साथ ही जनकार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी सड़कें खुदी हैं, वहां तत्काल रेस्टोरेशन का कार्य करायें। बरसात में कोई सडक खुदी न हो। पौधारोपण को लेकर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि पौधारोपण हेतु सभी तैयारियां पहले से पूर्ण कर ली जाएं तथा जो भी अतिरिक्त संसाधन की आवश्यकता हो। उनकी व्यवस्था संबंधित अधिकारी करे। इसके साथ ही समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए 31 मार्च से पूर्व के समय सीमा प्रकरणों से संबंधित विभाग अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# निगमायुक्त ने क्षेत्रीय कार्यालय 9 पर बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 20 पर बैठक के दौरान वार्ड 20 के कर संग्रहक द्वारा संपत्ति कर वसूली में लापरवाही करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एक महिला कर्मचारी द्वारा सार्थक एप में पंजीयन न करने पर उसको भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री एपीएस भदौरिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुशील कटारे, क्षेत्रीय अधिकारी श्री राजीव पांडे सहित क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने कार्यालय में नामांकन सहित अन्य प्रकरणों की जानकारी ली तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में समग्र ईकेवायसी की समीक्षा कर समग्र ईकेवायसी में प्रोग्रेस लाने के साथ ही डुप्लीकेट समग्र आईडी हटाने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्देश दिए कि क्षेत्र में जर्जर भवनों को चिन्हित कर नोटिस जारी करें तथा निगम भवनों पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग करायें। क्षेत्रीय कार्यालय से संबंधित सभी नालों की सफाई के साथ ही उन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुए, बावड़ी आदि की सफाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सार्थक एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

**निगमायुक्त ने किया सिद्धेश्वर नगर में नाला सफाई का निरीक्षण**

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 20 स्थित सिद्धेश्वर नगर, अशोक कॉलोनी में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान को दिए।

# निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश



**ग्वालियर।** जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं का निराकरण गंभीरता पूर्ण करें। जिससे आवेदक को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार बार जनसुनवाई के चक्कर न लगाने पडें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने संबंधित अधिकारियों को जनसुनवाई में दिए। जनसुनवाई में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटी सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 18 ईई ब्लॉक दीनदयाल नगर निवासी श्री रेखा मिश्रा व अन्य निवासीगणों ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि नई सीवर लाइन डालने के बाद रेस्टोरेशन न होने से बरसात में जल भराव के साथ ही आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। आवेदकों ने सडक को ठीक कराये जाने के संबंध में, वार्ड 35 बृज विहार कॉलोनी निवासी श्री दिनेश कुमार राठौर ने आवेदन देते हुए बताया कि कॉलोनी में कुछ क्षेत्र में पेयजल लाइन नहीं होने से क्षेत्र में पेयजल की काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। क्षेत्रवासियों ने पेयजल लाइन डलवाये जाने के संबंध सहित अनेक समस्याओं के आवेदन आवेदकों ने निगमायुक्त को दिये।

निगमायुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 40 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

# सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा वीरांगना लक्ष्मीबाई समाधि स्थल पर आज

**ग्वालियर।** वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस 18 जून 2025 पर निगम की ओर से समाधि स्थल पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रातः 7:30 बजे किया जाएगा। वीरांगना के बलिदान दिवस पर नगर निगम ग्वालियर द्वारा सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों को राष्टीय एकता व अखडंता की शपथ दिलाई जाएगी। शहर के सभी गणमान्य नागरिकों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में वीरांगना की समाधि पर दिनांक 18 जून 2025 की प्रातःकाल 7:30 बजे उपस्थित होकर वीरांगना को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करें तथा देश की एकता व अखंडता के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले बलिदानियों को याद करें। ज्ञात हो कि वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर नगर निगम ग्वालियर द्वारा प्रतिवर्ष देश के युवाओं को वीरांगना की शहादत को याद रखने के लिए अनेक व्यवस्थाएं एवं आयोजन कराए जाते हैं। नगर निगम ग्वालियर द्वारा वीरांगना के समाधि स्थल की विशेष साफ सफाई के साथ ही 22 फुट उंची वीरांगना की प्रतिमा की रंगाई पुताई कराई गई है तथा समाधि स्थल को विद्युत एवं पुष्प के साथ सजाया गया है।

# नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम, विक्की फैक्ट्री तिराहे से चिरवाई नाका तक चलाया स्वच्छता अभियान



**ग्वालियर।** नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत विक्की फैक्ट्री तिराहे से चिरवाई नाका तक अभियान चलाकर सडकों की साफ सफाई कराई गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार आज मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत नगर पालिक निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज फाउंडेशन एवं संस्था डिवाइन द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत विक्की फैक्ट्री तिराहे से चिरवाई नाका तक माइक्रो डस्ट क्लीनिंग का कार्य किया गया इसमें डिवाइडर्स और फुटपाथ के आस पास की माइक्रो डस्ट और कचरा साफ करवाया गया। रोड पर सभी दुकानदारों को साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने कचरा न जलाने की सलाह स्टीकर चिपकाकर तथा पम्पलेट्स बाँटकर दी गई एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया गया। अपना शहर अपनी धरोहर क्षेत्र में कार्य करते हुए स्वच्छता का संकल्प लिया गया। टीम के द्वारा न केवल सार्वजनिक स्थलों की सफाई करवाई तथा आमजन को जागरूक करते हुए स्वच्छता का संकल्प भी दिलवाया गया।

**7 नंबर चौराहा से एसएलपी कॉलेज तक नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम आज**

नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत सुबह 7 बजे से दिनांक 18 जून 2025 को 7 नंबर चौराहा से एसएलपी कॉलेज तक जन भागीदारी द्वारा वायु सुधार कार्यक्रम हेतु साफ सफाई कर नागरिकों को जागरुक किया जाएगा।

# यातायात को अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले एवं गुमटी को हटाया



**ग्वालियर।** शहर में सुगम यातायात के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत शहर के सभी प्रमुख मार्केट एवं सडकों पर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया। मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन तथा उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान के दिये गए निर्देश पालन में ग्वालियर पूर्व विधानसभा अंतर्गत बारादरी चौराहा से सदर बाजार मुरार अग्रेसन चौराहा एवं मुरार सब्जी मंडी मुख्य मार्गों पर यातायात अवरुद्ध कर रहें हाथ ठेले एवं फुटपथियो को हटाया जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही दुकानों के बाहर रखा सामान अंदर कराया गया। इसके साथ ही प्राप्त अस्थाई अतिक्रमण की शिकायत के क्रम में हनुमान मंदिर के पीछे बैंक ऑफ बड़ौदा के पास मथुरा प्रसाद का बंगला आर्य नगर बारादरी चौराहा से अवैध पंचर की गुमटी को हटाई जाकर सामान जप्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही पुनः अतिक्रमण न किये जाने की हिदायत दी गई। साथ ही गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के मुख्य गेट पर कुछ लोगो द्वारा हाथ ठेले एवं गुमटी लगा कर अस्थाई अतिक्रमण किया गया था। जिसके संबंध में गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय से प्राप्त पत्र अनुसार मुख्य द्वार से अस्थाई अतिक्रमण हटाया जाकर पुनः अतिक्रमण न किये जाने की सख्त हिदायत दी गई। उक्त कार्यवाही मदाखलत श्री निरीक्षक विशाल जाटव एवं मदाखलत अमले द्वारा की गई। इसके साथ ही वार्ड 47 में स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी के द्वारा माधवगंज से मामा के बाजार तक मादखलत के साथ मैन रोड से दुकानदार के बैनर एवं बोर्ड फुटपाथ से हटवाए तथा गंदगी फैलाने वालों एवं रोड पर बैनर बोर्ड रखने पर 2000 रूपये का जुर्माना किया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री रामचंद्र धौलपुरिया, जेडएचओ श्री मनोज खरे, डब्ल्यूएचओ श्री राम सिंह, श्री अजय पवार आदि उपस्थित रहे।

# जरुरतमंदों की समस्याओं का निदान जनसुनवाई में किया

## जनसुनवाई में 162 आवेदनकर्ताओं को सुना



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रट मुरैना में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर जनसुनवाई 17 जून को मुख्य कार्यपाल अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव द्वारा की गई। जिसमें 162 आवेदनकर्ताओं को सुना गया। इस 9 समस्याएँ गंभीर पाई गईं,जिनको उत्तरा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश एनआईसी विभाग को दिये गए,जिससे उनका समाधान टीएल बैठक में किया जा सके। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम मुरैना तहसीलदार सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत अजीतपुरा टिकटौली निवासियों ने पिछली जनसुनवाई में आवेदक जहारसिंह पुत्र श्यामलाल जाति कुशवाह निवासी ग्राम अजीतपुरा टिकटोली गुर्जर परगना जौरा द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रकरण विधिवत्त पंजीबद्ध किया जाकर इस्तहार का प्रकाशन कराया गया। इश्तहार प्रकाशन उपरान्त वापिस प्राप्त हुआ।कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर पटवारी मौजा से वस्तुस्थित्ति का प्रतिवेदन लिया। जो समय-सीमा में किया गया। उन्होंने जनसुनवाई में उपस्थित होकर प्रशासन का धन्यवाद दिया। इसी प्रकार जनसुनवाई में मुआवजा, सेवानिवृत्ति के पश्चात् होने वाला भुगतान, आंगनवाड़ी सहायिका का वेतन भुगतान, अतिथि शिक्षक का मानदेय, कैलारस में रेलवे लाइन हेतु भूमि स्वामी के भूखंड का मुआवजा, पारिवारिक विवाद, बीपीएल कार्ड, पेंशन, आवास संबंधी आवेदन प्राप्त हुये।सभी आवेदनों के निराकरण कराने हेतु जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को निर्देश दिये।

# मंडल जरेरुआ में भाजपा द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित



**मुरैना,कांस।** भाजपा मंडल जरेरुआ द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन हनुमानमंदिर टेकरी में किया गया। सभा के मुख्य अतिथि जिला संयोजक अभिषेक गागिल उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में *विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता वीरेन्द्र सिंह गुर्जर पूर्व सरपंच लभनपुरा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रकाश ओझा के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं–जैसे डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना आदि–की उपलब्धियों और उनके सामाजिक प्रभाव को विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र सिंह गुर्जर ने की, जिन्होंने स्वागत भाषण में सभी कार्यकर्ताओं से विकसित भारत के संकल्प को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित परिमाल सिंह ,रामसेवक गुर्जर, जसरथ सिंह, रामबरन सिंह विनोद सिंह गुर्जर तिलक सिंह मावई सतेंद्र सिंह रियाना संतोष सिंह रुस्तम रियाना भूपेंद्र सिंह पटेल रामलखन कुशवाह ऐदल महाना अशोक सिंह सुनील राठौर, हरिसिंह बाथम एव अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# प्रत्येक सहरियाजन तक सरकारी योजनायों का लाभ पहुंचाएं

## निचली बहराई और बघेवर में सहरिया आदिवासी जन के लिए सैचुरेशन शिविर संपन्न



**मुरैना,कांस।** धरती आबा अभियान के अंतर्गत निचली बहराई और बघेवर में सहरिया आदिवासीजन के लिए योजनाओं का सैचुरेशन शिविर कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशन में आयोजित किया गया। इसमें जनपद सदस्य, सरपंच, सचिव, सहायक सचिव एवं समस्त ग्राम स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में जिला संयोजक श्री सौरभ सिंह राठौड़ द्वारा धरती आबा अभियान का महत्व और शासकीय योजना को प्रत्येक सहरिया परिवार एवं व्यक्ति तक पात्रता अनुसार पहुंचाने के संबंध में ग्राम स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अमले एवं सहरियाजनों को जानकारी दी गई। ज्ञातव्य है कि यह शिविर 15 जून से 30 जून तक चिन्हित 18 सहरिया बसाहटों में निरंतर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में शासन के सभी विभागों द्वारा संचालित सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ प्रत्येक सहरियाजन तक पहुंचाया जाएगा। शिविर के उपरांत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण भी किया गया।

# दक्षिण मंडल भाजपा द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित



**मुरैना,कांस।** भाजपा दक्षिण मंडल मुरैना द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय पर किया गया। सभा के मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता श्रीबल्लभ डंडोतिया रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता जिला महामंत्री चारु डंडोतिया ने मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं–जैसे डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना आदि–की उपलब्धियों और उनके सामाजिक प्रभाव को विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धीरज सोनू शर्मा ने की, जिन्होंने स्वागत भाषण में सभी कार्यकर्ताओं से विकसित भारत के संकल्प को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दिनेश सिंघल मण्डल आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश ठगेले महामंत्री ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अध्यक्ष, धीरज सोनू शर्मा,विनोद खासखेड़ा, विपिन डंडोतिया,अर्जुन तोमर, खलक सिंह राजपूत,प्रमिल तोमर,मायाराम राजपूत,हंसराज यादव, विजय कुशवाह अशोक कुशवाह, सोनू खटीक, राजवीर बैसला, वरुण जादौन, अर्जुन रजक, राजकुमार शर्मा, राकेश नागर, पवन थापक, निक्की भदौरिया, शत्रुघ्न सिकरवार, विश्वनाथ तोमर, चुन्नू पाठक, सारंग तोमर, कृष्णा माहौर, चंद्र शेकर शर्मा, सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



# 17 से 19 जून तक मोटराइज ट्राईसाइकिल मरम्मत कार्य के लिए निःशुल्क शिविर

**मुरैना,कांस।** जिला दिव्यांग पुनर्वास मुरैना में एलिम्को कंपनी जबलपुर के सहयोग से मोटराइज ट्राईसाइकिल मरम्मत कार्य के लिये शिविर का आयोजन 17 से 19 जून तक किया जा रहा है। सभी दिव्यांग जिनकी मोटराइज ट्राईसाइकिल में किसी प्रकार की समस्या, खराबी हो जो वे 17 जून से 19 जून 2025 तक कार्यालय जिला दिव्यांग पुनर्वास व्हीआईपी रोड़ मुरैना में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एलिम्को कंपनी के टेक्नीशियन द्वारा अपनी मोटराइज ट्राईसाइकिल की मरम्मत करवा सकते हैं। अभी तक 31 दिव्यांगों की मोटराइज ट्राईसाइकिल सही की जा चुकी है।

# मनरेगा के साथ-साथ अनुग्रह व आयुष्मान योजना का सामाजिक अंकेक्षण



**मुरैना,कांस।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले की समस्त जनपदों के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के साथ-साथ मध्यप्रदेश भवन संनिर्माण कर्मकार मण्डल की अनुग्रह योजना तथा आयुष्मान योजना के लाभान्वित हितग्राहियों का सामाजिक अंकेक्षण संपादित कराया जायेगा। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया के संपादन के लिए समस्त ग्राम पंचायतों के लिए आदेश जारी किये है। जिसके अनुसार ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण सत्यापन व विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा। ग्राम सभा के लिए नोडल अधिकारी व कार्यवाही लेखन हेतु अधिकारी का भी नामांकन किया गया है, जो ग्राम सभा में उपस्थित रहकर ग्राम सभा की कार्यवाही संपादित करायेंगे। नोडल अधिकारी व कार्यवाही लेखन अधिकारी के ग्राम सभा में अनुपस्थित होने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये है। महात्मा गांधी मनरेगा योजना के साथ-साथ मध्यप्रदेश भवन संनिर्माण कर्मकार मण्डल की अनुग्रह सहायता योजना व स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का भी सत्यापन कार्य सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से कराया जा रहा है। सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो-दो ग्राम सामाजिक ऐनीमेटर का दल बनाया गया है। जनपद पंचायत स्तर पर पदस्थ विकासखण्ड समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण के द्वारा सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया का सत्त पर्यवेक्षण व मूल्यांकन किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को आदेश जारी किये गये है। आदेश के अनुसार सामाजिक अंकेक्षण दल का लेखा अभिलेख उपलब्ध कराने, निर्माण कार्यो का सत्यापन कराने व अन्य आवश्यक सहयोग ग्राम पंचायत के द्वारा दिया जायेगा। सहयोग न करने व लापरवाही वरतने पर सम्बधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के भी आदेश दिये गये है। जिले में संपादित होने वाली सामाजिक अंकेक्षण प्रक्रिया का संचालन कलेक्टर के आदेशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में संपादित कराया जा रहा है।

# योग मिटाए रोग, इसलिए रोज करें योग - मुख्यमंत्री

## ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भोपाल में होगा 21 जून को राज्य स्तरीय कार्यक्रम

## जिला मुख्यालयों में जिला स्तरीय एवं नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में होंगे उप जिला स्तरीय कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योग दिवस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की



**भोपाल ब्यूरो।**

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि योग शरीर का रोग मिटाकर इसे विकार मुक्त करता है। स्वस्थ काया के लिए सबको रोज योग करना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पुरातन योग पद्धति को अब अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिल चुकी है और इसीलिए सिर्फ भारत में नहीं, वरन् पूरे विश्व में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 21 जून को होने वाले आयोजन की तैयारी को लेकर समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे हर्षोल्लास और मनोयोग से मनाया जाए। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस दिन वर्षा की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को राज्य स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए ऐसे स्थल का चयन करने के निर्देश दिए, जो ऊपर से कवर्ड (शेडयुक्त) हो और उसमें अधिकतम प्रतिभागी भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास में सबकी सहभागिता हो सिर्फ बच्चे ही नहीं, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी शामिल हों। योगाभ्यास कार्यक्रम की समुचित एवं सुनियोजित तैयारियां की जाएं। योगाभ्यास स्थल पर पानी का जमाव न होने पाए, कार्यक्रम स्थल तक सहज पहुंच और पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम यथासंभव स्कूल, महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज या ऐसी अन्य शिक्षण संस्थाओं के कवर्ड कैम्पस में आयोजित किए जाएं।

बैठक में उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण श्री मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती रश्मि अरूण शमी, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रमुख सचिव आयुष श्री डी.पी. आहूजा ने बताया कि इस वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" ("Yoga For One Earth, One Health") तय की गई है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को सुबह 6.00 से 6.20 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम एवं जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन होंगे। सुबह 6.20 से 6.30 बजे तक भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 6.30 से 7.00 बजे तक विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया जायेगा। सुबह 7.00 से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का सामूहिक योगाभ्यास सभी प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा।

# उज्जैन में रामायणकालीन लक्ष्मण बावड़ी को मिला नवजीवन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की पुनरूद्धार कार्य की सराहना

**भोपाल ब्यूरो।**



जल गंगा संवर्धन अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पुरानी जल-संरचनाओं को फिर से उसी स्वरूप में लाने के लिए चलाए गए जल गंगा संवर्धन अभियान ने उज्जैन की रामायणकालीन लक्ष्मण बावड़ी को नवजीवन के साथ पुरानी वैभव भी लौटाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस शानदार कार्य की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपने उज्जैन प्रवास के दौरान चिंतामण स्थित लक्ष्मी बावड़ी पहुंचे थे और बावड़ी उत्सव में शामिल होकर जीर्णोद्धार कार्य की शुरूआत पूजन करके की थी।

उज्जैन में चिंतामण मंदिर स्थित लक्ष्मण बावड़ी का भी साफ-सफाई, रंगरोगन और पुनरुद्धार कार्य किया गया। प्राचीन लक्ष्मण बावड़ी एक अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पौराणिक स्थल है। इस बावड़ी का उल्लेख कई प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। जन आस्था के अनुसार इसके जल को पवित्र और चमत्कारी माना जाता रहा है। यह बावड़ी रामायण काल से आज तक उज्जैन की धरती पर स्थित है और स्थानीय जनआस्था का केन्द्र बनी रही है। लेकिन समय के साथ रखरखाव की कमी के चलते यह अपना मूल स्वरूप खो चुकी थी।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लक्ष्मण बावड़ी में किए गए कार्य के बाद बावड़ी को पुनर्जीवन मिला। भागीरथी प्रयासों से आज यह प्राचीन बावड़ी फिर से अपने पौराणिक स्वरूप में लौट आई है और आस्था के केन्द्र के रूप में पुनः स्थापित हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वयं बावड़ी उत्सव के दौरान इसी स्थान पर पहुंचे, उन्होंने बावड़ी का निरीक्षण, पूजन किया और जल संरक्षण का संदेश भी दिया। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लाखों जल संरचनाओं को जीर्णोद्धार कर पुनर्जीवन प्रदान किया गया है। यह अभियान 30 जून तक संचालित होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत अनेक स्थानों पर प्राचीन बावड़ी मिली है। जिला प्रशासन ने इनके संरक्षण के लिये जनभागीदारी से साफ-सफाई कार्य को प्राथमिकता से किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेशभर में 30 मार्च गुड़ी पड़वा नववर्ष प्रतिपदा पर जल गंगा संवर्द्धन अभियान की शुरूआत की गई थी।

# मुरैना में 19 वर्षीय छात्रा की गोली मारकर हत्या:हमलावरों ने रास्ता रोका, माता-पिता के सामने सिर में तीन गोलियां मारीं

**मुरैना, कांस।**



मलिश्का कडेरा

मुरैना में बदमाशों ने 19 साल की छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। छात्रा के सिर में तीन गोलियां मारीं। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वारदात जौरा के बदरपुरा चौराहे पर सोमवार रात करीब 9.30 बजे हुई। 11वीं में पढ़ने वाली मलिश्का कडेरा माता-पिता के साथ बाइक से घर से जा रही थी। वह बालेरा गांव में रहने वाले मामा के घर से लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में 4 हमलावरों ने रोक लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, मलिश्का ने कहा- मैंने इसे पहचान लिया है। उसके ये कहते ही एक हमलावर ने देसी कट्टे से उस पर फायर कर दिया। मलिश्का के सिर के पीछे और दोनों कानों के पास तीन गोलियां लगीं। इसके बाद आरोपी फरार गए। परिजनों का आरोप है कि सूचना के बावजूद पुलिस देर से मौके पर पहुंची। शव लंबे काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा। दादा का आरोप- जमीन विवाद में पोती की हत्या की मलिश्का के दादा सिरनाम सिंह ने बताया, 8 साल पहले गांव के ही रहने वाले भीकम से 6 बीघा जमीन 6 लाख रुपए में खरीदी थी। इसके बाद से रजिस्ट्री करने को लेकर आरोपी और उसका परिवार विवाद कर रहा था। इसी विवाद में बदला लेने की नीयत से भीकम के बेटे ने बाइक रोककर पोती की हत्या कर दी। आरोपी के साथ उसके दोस्त सौरभ और गौरव भी थे। बागचीनी थाना टीआई डिंपल मौर्य ने बताया, एक लड़की को गोली मारी गई, जिससे उसकी मौत हो गई है। मामले की जांच कर रहे हैं।

### तीन बहनों में सबसे बड़ी थी मलिश्का

परिजन ने बताया कि मलिश्का चिंनोनी के करैरा स्कूल में कक्षा 11वीं में पढ़ती थी। वह घर की सबसे बड़ी बेटी थी। उसकी दो छोटी बहनें हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में एयरपोर्ट इमरजेंसी एक्सरसाइज के लिए टेबल टॉप मीटिंग सम्पन्न



**अलीगढ़,ब्यूरो।**

जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में अलीगढ़ एयरपोर्ट पर ''एयरपोर्ट इमरजेंसी एक्सरसाइज'' के सफल आयोजन के लिए टेबल टॉप मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता कर संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। डीएम ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एयरपोर्ट इमरजेंसी एक्सरसाइज को सफलतापूर्वक आयोजित करने और जनसुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए हर संभावित स्थिति के लिए प्रशासनिक तैयारी सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट एक संवेदनशील क्षेत्र है, जहां त्वरित और समन्वित कार्रवाई अत्यंत आवश्यक होती है।

उन्होंने आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य, अग्निशमन, पुलिस, एयरपोर्ट अथॉरिटी, एनडीआरएफ एवं अन्य संबद्ध विभागों को आपसी तालमेल के साथ सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शुक्रवार को एयरपोर्ट पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रमोद कुमार ने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति के समय जनहानि को न्यूनतम करने के लिए नजदीकी चिकित्सालयों में समुचित सुविधाओं युक्त एक-एक आपातकालीन वार्ड आरक्षित रखा जाए।

# 'एक राष्ट्र एक राशनकार्ड' योजना अंतर्गत 30 जून तक ई-केवायसी पूर्ण कराना अनिवार्य

**रायपुर,ब्यूरो।**



भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशनकार्ड (One Nation One Ration Card) योजना के अंतर्गत जिले में सभी लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना अनिवार्य किया गया है। खाद्य नियंत्रक श्री भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के अंतर्गत वर्तमान में कुल 6,45,681 राशनकार्ड प्रचलित हैं, जिनमें 22,31,425 सदस्य पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 18,78,701 सदस्यों का ई-केवायसी (e-KYC) पूर्ण हो चुका है, जबकि 3,52,724 सदस्यों का ई-केवायसी बाकी है। सभी उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस (ePOS) मशीन के माध्यम से ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों ने अब तक ई-केवायसी नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जून 2025 तक अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी ई-केवायसी पूर्ण करलें।

# जनजाति सशक्तिकरण का धरती आबा अभियान ऐतिहासिक कदम : राज्यपाल



## धरती आबा अभियान को सफल बनाना हम सभी का दायित्व है - राज्यपाल श्री पटेल

## राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल अभियान के राज्य स्तरीय शिविर में शामिल हुए

**भोपाल ब्यूरो।**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शुरू किया गया जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय सशक्तिकरण और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के नागरिकों का कल्याण, सशक्तिकरण और विकास करना है। सरकार का यह प्रयास है कि जनजातीय समुदाय के जो नागरिक अभी तक सरकार की सेवाओं, सुविधाओं और योजनाओं से वंचित रह गए हैं, उन्हें लाभान्वित किया जाएं। उनकी देश के विकास में सहभागिता को सशक्त नागरिक के रूप में सुनिश्चित किया जाए। राज्यपाल श्री पटेल धरती आबा अभियान के तहत सीहोर जिले के ग्राम झोलियापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार के 18 मंत्रालय समन्वित रूप से अभियान का संचालन कर रहे हैं। सभी जरूरतमंद नागरिकों के लिए पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, एनआरएलएम सहित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार का यह अभियान तभी सार्थक होगा, जब हम सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाने का प्रयास करेंगे। हम सभी का यह दायित्व है कि हम उन सभी जनजातीय समुदाय के नागरिकों को अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में जाकर योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें और उनकी सहायता करें।

# वैश्विक दक्षता की दिशा में अभिनव पहल

**भोपाल ब्यूरो।**

संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क (एसएसआरजीएसपी) में सुभाष इनीशिएटिव के तहत जर्मन भाषा प्रशिक्षण प्रारंभ कर अभिनव पहल की गई है। यह पहल मेटएक्स स्ट्रक्चर्स, जर्मनी के सहयोग से प्रारंभ हुई है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक कार्य संस्कृति से परिचित कराना और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय रोजगार के अवसरों के लिए सक्षम बनाना है।

# मंत्रि-परिषद ने म.प्र. लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 का किया अनुमोदन

## 2 लाख नवीन पद होंगे निर्मित

## म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 5163 करोड़ रुपये का अनुमोदन

## 459 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थापना, संचालन एवं भवन निर्माण के लिए 143 करोड़ 46 लाख रूपये की स्वीकृति

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद का निर्णय



**भोपाल ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 का अनुमोदन किया गया है। अनुमोदन अनुसार आरक्षित वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर उनके हितों को संरक्षित किया गया है। अनुसूचित जनजाति के लिये 20त्न एवं अनुसूचित जाति के लिये 16त्न आरक्षण का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोकसेवकों को भी मेरिट के आधार पर पदोन्नति प्राप्त करने का अवसर दिया गया है। वर्तमान वर्ष में ही आगामी वर्ष की रिक्तियों के लिए पदोन्नति समिति की बैठक कर चयन सूची बनाये जाने का प्रावधान किया गया है, अर्थात अग्रिम डी.पी.सी. के प्रावधान किये गये है। पदोन्नति के सूत्र में वरिष्ठता का पर्याप्त ध्यान रखा गया है। वरिष्ठ लोक सेवकों में से मेरिट के अनुसार न्यूनतम अंक लाने वाले लोक सेवक पदोन्नति के लिए पात्र होंगे, प्रथम श्रेणी के लोक सेवकों के लिए merit cum seniority का प्रावधान किया गया है। पदोन्नति के सूत्र में कार्यदक्षता को प्रोत्साहित किया जाना लक्षित है, पदोन्नति के लिए अपात्रता का स्पष्ट निर्धारण किया गया है। किन परिस्थितियों में कोई लोक सेवक अपात्र होगा एवं दण्ड का क्या प्रभाव होगा यह स्पष्ट रूप से लेख किया गया है। किसी भी विभागीय पदोन्नति समिति बैठक के सन्दर्भ में निर्णय के पुनर्विलोकन के लिए रिव्यू डी.पी.सी. की बैठक आयोजित किये जाने के लिये स्पष्ट प्रावधान किये गये है। नवीन पदोन्नति नियमो में परिभ्रमण की व्यवस्था समाप्त की गई है। इससे पदोन्नति के लिए अधिक पद हो सकेंगे। पदोन्नति समिति को शासकीय सेवक की उपयुक्तता निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है चतुर्थ श्रेणी के लिये अंक व्यवस्था नहीं होगी, केवल पदोन्नति के लिए उपयुक्त होने पर ही पदोन्नति प्राप्त हो सकेगी। अर्हकारी सेवा के लिए किसी वर्ष में की गई आंशिक सेवा को भी पूर्ण वर्ष की सेवा माना जायेगा, यदि वर्ष के एक भाग की सेवा भी की गई है तो उसे पूर्ण वर्ष की सेवा माना जाएगा।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।